संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-208 गुरूवार,30 मई 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# नौतपा के पांचवे दिन रिकार्ड तोड़ गर्मी

» देश में सबसे ज्यादा गर्म दिल्ली...

» पारा पहुंचा 52.3 डिग्री सेल्सियस

» बिहार में गर्मी से 80 स्टूडेंट्स बेहोश हुए...

» मानसून 24 घंटे में केरल से टकराएगा

**नई दिल्ली,29 मई 2024 (ए)।** नौतपा के पांचवें दिन बुधवार को देश में सबसे ज्यादा गर्मी का रिकॉर्ड दिल्ली ने तोड़ दिया। मंगेशपुर में दोपहर का तापमान 52.3 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली में बारिश भी शुरू हो गई है।

दिल्ली में पानी की कमी के बीच केजरीवाल सरकार ने पाइप से कार धोने पर 2 हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश दिया है। 200 लोगों की टीम पानी की बर्बादी की मॉनिटरिंग करेगी।

दिल्ली के बाद राजस्थान का चूरू शहर 50.5 डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। राजस्थान में गर्मी से 23 से 29 मई तक 55 लोगों की मौत हो चुकी है।

बिहार के भी कई जिलों में पारा 48 डिग्री के करीब




पहुंच चुका है। भीषण गर्मी से यहां बुधवार को 8 जिलों में 80 बच्चे बेहोश हो गए। राज्य में दो दिन हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग ने देश के 7 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों- पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में बुधवार के लिए हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि मानसून अगले 24 घंटे में केरल तट से टकरा सकता है। अगले एक हफ्ते में यह देश के बाकी हिस्सों में पहुंच सकता है।

26 मई को बंगाल में आए तूफान रेमल का असर असम,मेघालय,अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड,मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में है। यहां 1 जून तक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है।

## बिजली की खपत बढ़ी

देश की बिजली की डिमांड बढ़कर 239.96 गीगावॉट हो गई है,जो इस सीजन में अब तक सबसे ज्यादा है। माना जा रहा है कि आने वाले कुछ दिनों में पावर डिमांड बढ़कर पिछले साल के ऑल टाइम हाई 243.27 जीडब्ल्यू को पार कर जाएगी।

मध्यप्रदेश में नौतपा के 4 दिन में ग्वालियर, चंबल, मालवा-निमाड़ खूब तपे हैं। आईएमडी ने बुधवार को ग्वालियर, निवाड़ी समेत 18 जिलों में लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, 21 जिलों में लू का ऑरेंज और यलो अलर्ट है। निवाड़ी जिले का पृथ्वीपुर लगातार 2 दिन से सबसे हॉट है। मंगलवार को यहां टेम्परेचर 48.5 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को यह 48.7 डिग्री रहा था

## दिल्ली में पाइप से कार धोने पर 2000 रुपए फाइन

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि वे तुरंत दिल्ली भर में 200 टीमें तैनात करें,ताकि पाइप से कार धोने, पानी की टंकियों के ओवरफ्लो होने और निर्माण या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए घरेलू जल आपूर्ति के उपयोग पर नकेल कसी जा सके। आतिशी ने निर्देश दिया कि 30 मई को सुबह 8 बजे से टीमें तैनात की जाएंगी और पानी की बर्बादी करने वाले किसी भी व्यक्ति पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा और निर्माण स्थलों या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर अवैध पानी के कनेक्शन को काट दिया जाएगा।

## दिल्ली में मजदूरों को पेड लीव

दिल्ली में कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाले मजदूरों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक पेड लीव दी गई है। दिल्ली के उपराज्यपाल ने निर्देश जारी किए हैं।

## संक्षिप्त खबर

### अरविंद केजरीवाल की जमानत बढ़ाने वाली याचिका हुई खारिज

**नई दिल्ली,29 मई 2024 (ए)।** आबकारी नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी सीएम अरविंद केजरीवाल को



आज सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सीएम केजरीवाल की स्वास्थ्य जांच के लिए अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग वाली याचिका को कोर्ट ने स्वीकार करने से खारीज कर दिया है। इससे स्पष्ट है कि अरविंद केजरीवाल को अब 2 जून को सरेंडर करना होगा।

### आजम खान को फिर लगा बड़ा झटका



**रामपुर,29 मई 2024 (ए)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान एक और मामले में दोषी करार दिए गए हैं। ऐसे में इस मामले में भी उन्हें सजा तय हो गई है। रामपुर की अदालत ने एक व्यक्ति का घर जबरन खाली कराकर उसे ध्वस्त करवाने के आठ साल पुराने एक मामले में आजम खान को दोषी करार दिया है। खान इस वक्त सीतापुर जेल में बंद हैं और वहीं से वीडियो कॉन्फ्रेन्सिग के जरिये उनकी पेशी हुई। अदालत ने तत्काल सजा का ऐलान नहीं किया है। इसी तरह के एक अन्य मामले में आजम खान को पहले भी दो साल की सजा हो चुकी है।

### अरविंद केजरीवाल के बाद पत्नी सुनीता की बढ़ी मुश्किलें



**नई दिल्ली,29 मई 2024(ए)।** दिल्ली हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और अन्य के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। जिसमें अदालत के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि जब 28 मार्च, 2024 को दिल्ली चीफ मॉन्स्टर को ट्रायल कोर्ट में पेश किया गया तो सुनीता केजरीवाल और अन्य ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को अवैध रूप से रिकॉर्ड किया।

# फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मिले बांग्लादेशी सांसद के मांस के टुकड़े और बाल

» डीएनए टेस्ट से खुलेगा राज

**कोलकाता,29 मई 2024(ए)।** पश्चिम बंगाल सीआईडी के जांच अधिकारियों ने दावा किया कि उन्हें कोलकाता के निकट न्यू टाउन इलाके में एक फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े और बाल बरामद हुए हैं। संदेह है कि फ्लैट में ही बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने बांग्लादेश के सांसद के शरीर को 80 टुकड़ों में काटा और उन्हें हल्दी के साथ मिलाकर न्यू टाउन के आसपास एक नहर सहित विभिन्न स्थानों पर फेंक दिया।

अधिकारी ने बताया कि सेप्टिक टैंक



से करीब 3.5 किलोग्राम मांस और कुछ बाल बरामद किए गए हैं। इन वस्तुओं की फोरेंसिक जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये अनार की हैं या नहीं। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश की सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद की जिस फ्लैट में हत्या का संदेह है वहां पुलिस ने यह मानकर जांच की कि खून शौचालय के रास्ते बहाया गया गया होगा और एक टीम ने नाली के पाइप और सेप्टिक टैंक की जांच की।अधिकारी ने बताया कि हमने आवासीय परिसर के अधिकारियों से सीवेज पाइप और सेप्टिक टैंक की जांच में मदद करने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि कोलकाता पुलिस की आपदा प्रबंधन टीम ने मंगलवार को राजरहाट के निकट एक मनोरंजन पार्क से सटी बागजोला नहर में तलाशी फिर शुरू की। तलाशी में मदद के लिए ड्रोन भी तैनात किए गए हैं।पुलिस अधिकारी ने कहा कि इस अपराध को अंजाम दिए हुए एक पखवाड़ा से अधिक समय हो गया है। शव को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दिया गया था और इस बात की पूरी आशंका है कि उन्हें जलीय जीवों ने खा लिया होगा। बागजोला नहर का पानी गंदा है और शवों के अंग बहाव में बह गए होंगे। नहर से शव के टुकड़ों तथा हत्या में प्रयुक्त हथियारों को ढूंढने के लिए गोताखोरों को लगाया गया है।इससे पहले बांग्लादेश पुलिस ने कहा था कि यहां के न्यू टाउन इलाके के एक फ्लैट में पाए गए रक्त के नमूने का वह डीएनए परीक्षण कराएगी और अनार के किसी रिश्तेदार के रक्त के नमूने से उसका मिलान करेगी ताकि यह पुष्टि हो सके कि नेता की हत्या की गई थी। जांच के सिलसिले में कोलकाता आए ढाका पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यदि अवामी लीग के सांसद के शरीर के अंग नहीं मिल सके तो अंतिम विकल्प के रूप में डीएनए परीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि शरीर के अंग नहीं मिलते हैं, तो हम रक्त के नमूनों का डीएनए परीक्षण कराएंगे और पहचान स्थापित करने के लिए अनार के परिवार के सदस्यों में से किसी एक के डीएनए के साथ इसका मिलान करेंगे।

# बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण के काफिले ने तीन को रौंदा

» दो बच्चों की मौत, एक गंभीर

**लखनऊ,29 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले एक बड़ी खबर सामने आई है। उत्तर प्रदेश में बृभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह के काफिले ने तीन बच्चों को रौंद दिया है। बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि तीसरे की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल अवस्था में इस बच्चे को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों की टीम उसके इलाज में लगी है.। मामला कैसरगंज का बताया जा रहा है. इसी सीट से करण शरण सिंह चुनाव भी लड़ रहे हैं।

बताया जा रहा है कि करण शरण सिंह मौके पर नहीं रुके, लेकिन एक फॉर्च्यूनर कार जिस पर पुलिस एस्कोर्ट लिखा है उसके कब्जे में ले लिया गया है। ये हादसा उस वक्त हुआ है जब करण भूषण सिंह का काफिला हुजूरपुर की ओर जा रहा था। इस बीच बैकुंठ डिग्री कॉलेज के पास सड़क पार कर रहे तीन बच्चों को करण भूषण



के कॉन्वाय में शामिल एक कार ने रौंदा है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो करण सिंह के काफिले ने जब तीन बच्चों को रौंदा तो न तो वह कार से नीचे उतरे और न ही उन्होंने या उनके किसी आदमी ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। घायल बच्चे के परिजनों और स्थानीय लोगों ने ही जख्मी बच्चे को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि मौके पर कई लोग इकट्ठा हो गए और लोगों में काफी नाराजगी भी है।

# टैटू गुदवाने से हेपेटाइटिस, एचआईवी और कैंसर का खतरा



**नई दिल्ली,29 मई 2024 (ए)।** अगर आप भी टैटू बनवाने का शौक रखते हैं तो सावधान हो जाइए। डॉक्टरों की राय है कि टैटू बनवाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली स्याही और सुई से हेपेटाइटिस बी और सी, एचआईवी और लीवर के अलावा ब्लड कैंसर का खतरा भी हो सकता है। आजकल युवाओं में टैटू बनवाने का चलन है। युवा अपने टैटू के जरिए अपने विचारों या जुनून को समाज के सामने रखते हैं, वह अपनी पसंद के अनुसार अपने शरीर पर टैटू गुदवाते हैं। फोर्टिस अस्पताल शालीमार बाग के एडिशनल डायरेक्टर और मेडिकल ऑन्कोलॉजी के यूनिट हेड सुहैल कुरैशी ने आईएएनएस को बताया,स्वास्थ्य को लेकर जोखिम तब होता है जब किसी एक्े सपर्ट के हाथों से टैटू नहीं बनवाया जाता। इसकी जानकारी न रखने वाले लोग संक्रमित सुइयों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे हेपेटाइटिस बी, सी या यहां तक कि एचआईवी जैसे संक्रमण का जोखिम भी बढ़ जाता है।

# विभव कुमार ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत याचिका

**नई दिल्ली,29 मई 2024 (ए)।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट के आरोपी विभव कुमार ने मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की है।



इससे पहले दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने उन्हें तीन दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इसके खिलाफ विभव कुमार ने अब दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में कल यानी गुरुवार को सुनवाई की मांग की गई है। याचिका में विभव कुमार ने जमानत की मांग करते हुए कहा कि मेरी गिरफ्तारी अवैध है। विभव ने कहा, मुझे जबरदस्ती पुलिस कस्टडी में रखा गया है। उन्होंने जबरन कस्टडी में रखने के लिए मुआवजे की भी मांग की है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार ने पुलिस वालों के खिलाफ विभागीय जांच की मांग भी की है। उनके वकीलों ने बताया कि याचिका में मामले में शामिल दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच की भी मांग की गई है।

# सीबीआई ने विधायक के पति को 4 जून को पूछताछ के लिए बुलाया




**कोलकाता,29 मई 2024 (ए)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक के पति को समन जारी कर पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाला और नगर निगम भर्ती घोटाला में पूछताछ के लिए 4 जून को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। एजेंसी ने देबराज चक्रबर्ती को मध्य कोलकाता में निजाम पैलेस स्थित उसके कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा है। वह गायिका से नेता बनी राजारहाट-गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस विधायक अदिति मुंशी के पति हैं। चक्रबर्ती बिधाननगर नगर निगम (बीएमसी) के सदस्य भी हैं। चक्रबर्ती ने सीबीआई से किसी और दिन पेशी का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि 4 जून को मतगणना प्रक्रिया में व्यस्त होने के कारण वह एजेंसी के कार्यालय में पेश नहीं हो सकेंगे। सीबीआई अधिकारियों ने अभी यह नहीं बताया है कि उनकी पेशी की तारीख बदलने का अनुरोध स्वीकार किया जाएगा या नहीं ।

# महिला के पेट से निकला बालों का गुच्छा

**बालों के गुच्छे का वजन करीब ढाई किलो था...**

**चित्रकूट,29 मई 2024 (ए)।** भगवान राम की तपोभूमि धर्मनगरी चित्रकूट के एमपी क्षेत्र में संचालित सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान युवती के पेट में करीब ढ़ाई किलो बाल मिले है। युवती गर्भवती होने के दौरान बाल खाती रही है। उसने प्रसव होने के बाद बाल खाने बंद कर दिए थे, लेकिन पेट में काफी मात्रा में मौजूद बालों की वजह से उसके पेट में दर्द की शिकायत रही। जिस पर सिटी स्कैन कराने के बाद मामला उजागर हुआ। जानकीकुंड अस्पताल में विचलित कर देने वाला यह मामला सामने आया है। जिसमें आपरेशन के दौरान महिला के पेट में करीब दो से ढाई किलो बाल निकले। यह देखकर डॉक्टर भी हैरान हो गए।



महिला महोबा जनपद की रहने वाली है और उसकी उम्र करीब 25 वर्ष है। बताते हैं कि दूसरी प्रेगनेंशी के बाद से ही महिला बाल खाने लगी थी। वह खुद के साथ ही दूसरों के भी बाल मिलने पर खाती रही है। महिला के बाल खाने से पेट में बाल का गुच्छा जमा हो गया था। प्रसव होने के बाद महिला ने बाल खाने बंद तो कर दिए थे, लेकिन पहले से ही उसके पेट में बाल मौजूद होने की वजह से उसे दिक्कतें होने लगी थी। पेट में दर्द की शिकायत होने पर परिजनों ने स्थानीय डाक्टरों को दिखाया, जिस पर डाक्टरों ने अल्ट्रासाउंड कराया, लेकिन बीमारी की जानकारी नहीं हो पाई। दो दिन पहले परिजन महिला को लेकर जानकीकुंड अस्पताल पहुंचे। यहां पर भी अल्ट्रासाउंड में कुछ नहीं मिला तो सिटी स्कैन कराया गया, जिसमें आमाशय में बाल का गुच्छा होने की जानकारी हो पाई। जानकीकुंड हास्पिटल की सर्जन डा पूनम आडवाणी (निर्मला गेहानी) ने जब पेट का आपरेशन किया तो आमाशय में बालों का गुच्छा मिला।

# आग लगने से पांच दुकानें क्षतिग्रस्त

» पूर्वी दिल्ली में 17 कार जलकर खाक

**नई दिल्ली,29 मई 2024(ए)।** दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बुधवार तड़के आग लगने से पांच दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयीं। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी के अनुसार फतेहपुरी मस्जिद के समीप स्थित पांच दुकानों में आग लग गई।



उन्होंने बताया कि आग लगने के बारे में तड़के तीन बजकर 12 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की आठ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। सुबह पांच बजे तक आग पर काबू पा लिया गया।अधिकारी ने बताया कि एक अन्य घटना में पूर्वी दिल्ली के मधु विहार इलाके में मध्यरात्रि को एक पार्किंग क्षेत्र में आग लगने से 17 कार जलकर खाक हो गयीं। उन्होंने बताया कि देर रात एक बजकर 17 मिनट पर घटना की सूचना मिली और दमकल की नौ गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया और चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

# एक साथ 8 लोगों की हत्या



» आरोपी ने खुद भी लगाई फांसी

**छिंदवाड़ा,29 मई 2024(ए)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने अपने परिवार के आठ लोगों की हत्या कर दी।

वारदात को अंजान देने के बाद आरोपी ने आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, माहुलझिर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक आदिवासी व्यक्ति ने अपने परिवार के आठ लोगों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इस वारदात को आरोपी ने बीती रात अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने मीडिया को बताया कि आदिवासी दिनेश ने परिवार के आठ सदस्यों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी और उसके बाद खुद ने आत्महत्या कर ली। आरोपी मानसिक विक्षिप्त बताया जा रहा है। उसकी कुछ समय पहले ही शादी हुई थी। वारदात के बाद घर में मारे गए लोगों के शव पड़े हैं। पुलिस मौक पर पहुंच गई है। शवों को पोस्े टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। इस वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है।

## संपादकीय

## लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं

भीषण गर्मी और पश्चिम बंगाल में कुछ केंद्रों पर परस्पर विरोधी राय रखने वालों के बीच झड़प के बीच शनिवार को लोक सभा चुनाव के छठे चरण, जिसके तहत 8 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर मतदान हुआ जिसमें औसतन 61.22 फीसद मत पड़े। दिल्ली की सातों संसदीय सीटों के लिए मतदान 58.52 फीसद पर सिमट गया। पिछली बार यह 60.52 फीसद था। चुनाव आयोग के अनुसार सुबह सात से शाम छह बजे तक चले मतदान में पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक 78.19 फीसद वोट डाले गए जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03 फीसद मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया। छठे चरण के मतदान के साथ ही लोक सभा की 486 सीटों के लिए चुनाव पूरा हो चुका है।अब आखिरी और सातवे चरण में एक जून को 57 सीटों पर मतदान होगा और इसी के साथ लोक सभा की सभी सीटों के लिए मतदान पूरा हो जाएगा। परिणाम 4 जून को आएंगे। बहरहाल, लोक सभा चुनाव 2024 अपनी शुरुआत से ही कम मतदान प्रतिशत से चिंता में डाले हुए है। लोगों का अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में इस प्रकार इस प्रकार से कम दिलचस्पी लेना यकीनन मजबूत लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। जीवंत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाता पूरी सक्रियता और तन्मयता से चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बने, लेकिन पहले चरण से ही देखने में आया कि मतदान के रोज अनेक मतदाता अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने निकल पड़े। कुछ कहते सुने गए कि उनके परिवार के मत न भी पड़े तो क्या फर्क पड़ेगा। जीतने वाली पार्टी को जीत ही जाएगी। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी होने के कारण भी मतदाता वोट करने घर से नहीं निकल रहे।चुनाव आयोग ने पहले चरण के कम वोट प्रतिशत रहने पर अपनी कोशिशें और तेज कर दीं ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता वोट करने से घरों से निकलें, लेकिन मतदाता की उदासीनता टूटने में नहीं आ रही। दिल्ली जैसे राजधानी शहर, जहां के निवासी बनिस्बत पढ़े-लिखे और जागरूक माने जाते हैं।

# आर्थिक मोर्चे पर भारत का सुनहरा भविष्य

**» आखिर भारत में यह बदलाव क्यों हो रहा है और भारतीय अर्थव्यस्था इस तरह अग्रसर क्यों है? इसकी मोटी वजह यहां तेजी से विकसित हो रहा बुनियादी ढांचा है...बुनियादी ढांचे में भारत में निवेश लगातार बढ़ रहा है...इसके साथ ही भारत में निर्माण गतिविधियां भी तेज हैं...**

इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय भारतीय चुनाव अभियान के दौरान विपक्षी दल महंगाई को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहे थे,ठीक उसी समय संयुक्त राष्ट्र संघ साल 2024 में भारत में मुद्रास्फीति साढ़े चार फीसद रहने का अनुमान जता रहा था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने यह अनुमान भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में जताया है। संयुक्त राष्ट्र संघ के इस अनुमान रिपोर्ट में भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है।

भारत के लिए निश्चित तौर पर यह अनुमान सुखद और उत्साहित करने वाला है। इसकी वजह यह है कि दुनिया की विकसित कही जाने वाली ज्यादातर पश्चिमी अर्थव्यवस्थाओं में लगातार गिरावट जारी है। पश्चिमी मुल्कों की अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि दर कमजोर होती जा रही है। पिछले कुछ वर्षों में पड़ोसी चीन की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही थी। लेकिन वह अब गिरने लगी है। विश्व बैंक ने मौजूदा साल में उसकी अर्थव्यवस्था में महज साढ़े चार प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का अनुमान लगाया था, हालांकि अब उसमें उसने थोड़ा सुधार करके उसे 5.2 प्रतिशत की बढ़त का अनुमान लगाया गया है।

आखिर भारत में यह बदलाव क्यों हो रहा है और भारतीय अर्थव्यस्था इस तरह अग्रसर क्यों है? इसकी मोटी वजह यहां तेजी से विकसित हो रहा बुनियादी ढांचा है। बुनियादी ढांचे में भारत में निवेश लगातार बढ़ रहा है। इसके साथ ही भारत में निर्माण गतिविधियां भी तेज हैं। यह भी सच है कि भारत के लिए यहां की बेतहाशा बढ़ी जनसंख्या भी चुनौती बन रही है। लेकिन इसके साथ ही कटु सत्य यह है कि बढ़ती जनसंख्या के चलते उपभोक्ता बाजार तेजी से बढ़ता है। उसमें खपत के लिए निर्माण और उत्पाद का दायरा बढ़ता है। यह पूरी प्रक्रिया आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाती है और इस तरह जीडीपी में बढ़ोत्तरी होती है। 140 करोड़ से अधिक की आबादी के साथ भारत दुनिया की सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश बन गया है। इसकी वजह से भारत के पास दुनिया का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार तैयार है। इस बाजार में खपत के लिए तमाम तरह के उत्पादों की जरूरत बढ़ी है। जनसंख्या, उत्पादन, खपत और बाजार की कड़ियां इस तरह भारत में तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए भारतीय जीडीपी में तेजी आ रही है।

बाजार लाख बड़ा हो, अगर सरकारी नीतियां उपभोक्ता, उत्पादक, खरीददार और विक्रेता के बीच संतुलन के साथ ही नवोन्मेष को बढ़ावा देने वाली नहीं होती तो आर्थिक गतिविधियां तेज नहीं होती। इस संदर्भ में मोदी सरकार को भी श्रेय दिया जाना चाहिए, जिसने भारतीयता की सोच के साथ देसी दुनिया को वैश्विक आधारों से जोड़ने के साथ ही भारत को उत्पादन का हब बनाने वाली नीतियों को बढ़ावा दिया है। नीतियों का ही असर है कि भारत में साल 2014 की 350 की तुलना में इन दिनों एक लाख तीस हजार स्टार्ट अप हैं। जिनमें यूनिकॉर्न यानी एक अरब की पूंजी वाले स्टार्टअप की संख्या सौ से ज्यादा है। इसके साथ ही सात में पहली बार जीएसटी यानी वस्तु एवं सेवा कर से वसूली 2 लाख करोड़ रुपये के पार हो गई है। मौजूदा साल के अप्रैल में कुल जीएसटी वसूली 2.1 लाख करोड़ रुपये रही, जो साल 2023 के अप्रैल के




मुकाबले 12.4 फीसद ज्े यादा है। इसमें सबसे ज्े यादा योगदान घरेलू लेन-देन का रहा, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 13.4 फीसद बढ़ गया। पिछले साल अप्रैल में सरकार को 1.87 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली हुई थी।

वित्त मंत्रालय के एक मई को बताया कि रिफंड के बाद अप्रैल महीने की शुद्ध जीएसटी वसूली 1.92 लाख करोड़ रुपये रही है। जो इसी पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 17.1 प्रतिशत ज्े यादा है। साल 2017 में जबसे जीएसटी कानून लागू हुआ है, हर साल इसमें बढ़ोत्तरी होती जा रही है। जीएसटी लागू होने के फौरन बाद 2017-18 में जहां औसत जीएसटी एक लाख करोड़ रुपये से कम रही, वहीं, कोरोनाकाल के बाद 2020-21 से यह लगातार बढ़ रही है। साल 2022-23 में जीएसटी वसूली औसतन 1.51 लाख करोड़ रुपये हर महीने रही है। यह बढ़ोत्तरी ही बताने के लिए काफी है कि भारतीय अर्थव्यवस्था किस कदर बढ़ रही है।

चार जून को आने वाले चुनाव नतीजों के बाद उम्मीद की जा रही है कि एक बार फिर मोदी सरकार ही आएगी। विपक्षी दलों ने अपनी नीतियों में आर्थिक मोर्चे पर कुछ समाजवादी और वाम वैचारिकी प्रेरित योजनाएं लाने का वादा जरूर किया है। लेकिन यह भी सच है कि भारतीय अर्थव्यवस्था जिस तरह आगे बढ़ चुकी है, उसमें उनके लिए भी कुछ ज्यादा करने की गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्हें भी मौजूदा आर्थिक चलन के ही मुताबिक आगे बढ़ना होगा। भले ही वे जीएसटी को कम करने या उसका ढांचा सुधारने का वादा करते रहे हों, लेकिन उनके लिए भी आमूलचूल बदलाव ला पाना आसान नहीं होगा। क्योंकि इस दिशा में भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद आगे बढ़ चुकी है।

भारत सदियों से कृषि संस्कृति वाला देश है। भारत की दो तिहाई आबादी सीधे खेती-किसानी से जुड़ी है। भारतीय खेती मानसून की बेहतरी पर ज्यादा निर्भर है। मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि आने वाले साल में मानसून सामान्य रहेगा। इसका मतलब यह है कि अगले साल भी खेती -किसानी में बेहतर स्थिति रहेगी। उत्पादन बढ़ेगा और इसकी वजह से भारत के अन्न भंडार भरे रहेंगे। इसकी वजह से ग्रामीण इलाकों में खरीद में तेजी आएगी। मानसून बेहतर रहता है तो भारत के दूर- दराज के बाजारों में भी आर्थिक गतिविधियां तेज रहती हैं। इसकी वजह से भी भारतीय आर्थिकी तेजी से आगे बढ़ती रहेगी।

भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा, संस्कृति और सभ्यता भी दुनिया की नजरों में और आकर्षक हो सकती है। इसकी वजह से नए तरह की उत्पादकता भी भारत में दिख सकती है। सभ्यता, संस्कृति, तीर्थाटन और पर्यटन के साथ ही भारतीय पारंपरिक चिकित्सा व्यवस्था और योग भारत की अनुपम संपत्ति हो सकते हैं। इसे देखते हुए भारत की मौजूदा सरकार ने देश के स्वास्थ्य ढांचा को पहले की तुलना में बेहतर करना शुरू किया है। कोरोना काल के हालात की वजह से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा व्यवस्था,भारतीय ज्ञान परंपरा, योग आदि की भी दुनिया में मांग बढ़ी है। दुनिया इनकी ओर उम्मीदभरी नजरों से देख रही है। इनकी वजह से भारत में विदेशों से धन भी आ रहा है। भारतीय तीर्थाटन की परंपरा को राम मंदिर, महाकाल मंदिर और विश्वनाथ कारीडोर जैसे नए मंदिरों और धार्मिक केंद्रों की ओर दुनियाभर से आ रहे श्रद्धालुओं की वजह से बुनियादी ढांचे और पर्यटन गतिविधियां बढ़ रही हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को इनके जरिए भी तेजी मिलने का अनुमान जताया जा रहा है। भारतीय पर्यटन केंद्रों की अभी तक पूरी तरह से वैश्विक पहचान और ध्यान नहीं मिल पाया है। इस क्षेत्र में अभी काम किया जाना बाकी है। नए भारत में इस दिशा में भी सोचा जाना होगा। जब इनकी ओर ध्यान जाएगा, तो वैश्विक यात्रियों और सैलानियों की आवक तेज होगी और भारतीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में इसकी भी बड़ी भूमिका होगी।

इतिहास में भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता रहा। इकबाल ने सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा गीत लिखकर भारत की इस समृद्ध परंपरा की महत्ता को ही दिखाने की कोशिश की है। प्राचीन काल में भारत की हैसियत विश्व गुरू की थी। भारत एक बार फिर उसी दिशा में आगे बढ़ने की ओर है। दुनियाभर में फैला भारतीय डायस्पोरा भी भारत को सालाना सौ अरब डॉलर से ज्यादा की रकम घर भेज रहा है। साल 2023 में यह रकम सवा सौ अरब डॉलर थी। जाहिर है कि सब मिलकर भारत को समृद्ध कर रहे हैं और भारतीय जीडीपी को बढ़ावा दे रहे हैं। दस साल से देश संभाल रही मोदी सरकार इसे और तेज करना चाहती है। यही वजह है कि पहले सौ दिन का एजेंडा तैयार कर लिया गया है। आने वाली सरकार पर संयुक्त राष्ट्रसंघ के अनुमानों से कहीं अधिक तेज प्रदर्शन का दबाव रहेगा। क्योंकि मौजूदा चुनावों में बेरोजगारी भी बड़ा मुद्दा रही है। मौजूदा आर्थिकी के मुताबिक, अगर जीडीपी बढ़ेगी तो रोजगार भी बढ़ेगा। जाहिर है कि नई सरकार नहीं चाहेगी कि इस मुद्दे पर वह कठघरे में खड़ा हो।

**-उमेश चतुर्वेदी-**

# इंसान से इंसानियत की उम्मीद


निखिल रस्तोगी
लखनऊ,
उत्तरप्रदेश

एक रोज गर्भवती गाय कि देखभाल करते समय ग्वाले को उसके बीमार होने का संकेत मिला। चूंकि गाय कमजोर और गर्भवती थी, बिना किसी देरी के उसने अपनी गाय को नजदीकी पशु चिकित्सालय ले जाने का फैसला किया। जब पशु चिकित्सक ने ग्वाले कि बात सुनी और गाय कि जांच कर बिमारी के कारण का पता लगाना चाहा तो वह स्तब्ध रह गया। दरअसल, उसने भारी मात्रा में गाय के पेट में करीबन 71 किलोग्राम प्लास्टिक, कील और अन्य कचरा पाया। इसी के चलते उसने आपरेशन कर पूरा कचरा बाहर निकालने का प्रयत्न किया, लेकिन दुर्भाग्यवश ज्यादा कचरा होने के कारण वह गाय और उसके बच्चे दोनों की जान नहीं बचा पाया। यह वास्तव में एक मनगढ़ंत कहानी नहीं बल्कि सच्ची घटना है। ऐसी ही कई घटनाएं आए दिन सुनने को मिलती हैं, जहां कूड़ा-करकट खानें कि वजह से या तो जानवरों को कोई गंभीर बिमारी हो जाती है, या वह अपनी जान गंवा बैठते हैं। खासकर, शहरों में ऐसी घटनाएं आम हैं, जहां बड़े पैमाने पर कूड़े का गली, मौहल्ले, सड़क किनारे अंबार लगा रहता है। परिणामस्वरूप,जब यहां आवारा जानवर भूख से व्याकुल खानें कि तलाश में कचरे का रूख करते हैं, तो उसमें मौजूद हानिकारक तत्व उनकी मौत का कारण बन जाता हैं।

हालांकि, यह कोई नई समस्या नही है जोकि गत वर्षों में उत्पन्न हुई हो बल्कि सालों -साल से यह सिलसिला चलता आ रहा है। आंकड़े साफ नहीं है लेकिन कुछ शोधकर्ताओं कि माने तो कचरे में मौजूद हानिकारक चीजों के सेवन से हर साल लगभग दस लाख से अधिक जानवरों कि अकस्मात मृत्यू हो जाती हैं। गौरतलब है कि इस कचरे में मौजूद सबसे ज्यादा हानिकारक प्लास्टिक कूड़ा होता है, जो जानवरों कि मौत का सबसे मुख्य कारण है। हालांकि, प्लास्टिक के उपरांत भी ऐसी कई वस्तुएं होती है जो जानवरों को प्रभावित करती है। खैर, यह आंकड़ा केवल प्रभावित जानवरों की सत्यापित संख्या को दर्शाता है; ज्यादातर मौतें तो दर्ज तक नहीं कि जाती। ईश्वर ने मनुष्य को एक बुद्धिमान प्राणी के रूप में बनाया है जिसे सही और ग़लत कि समझ बाखूबी है। हालांकि, यहां अच्छे बुरे कि समझ होते हुए भी और यह जानते हुए भी कि हमारे द्वारा खुलें में फेंके गए कूड़े करकट से जानवरों को हानि पहुंच सकती है, यह देखकर हैरानी होती है कि वह बेफिक्री से हानिकारक कूड़ा फेंकते है। आखिर यह मनुष्य कि नाफरमानी नहीं तो क्या है? यह उसका स्वार्थ नहीं तो क्या है? आज यह हमारे समाज कि विडंबना है कि एक तरफ तो हम अपने ईश्वर के साथी के रूप में धर्म स्थलों पर विभिन्न जानवरों को नमन करते हैं और दूसरी तरफ उन्हें जहरीला कचरा खानें के लिए छोड़ देते हैं। आखिर यह इंसान कि स्वार्थपरता ही हैं जो उसे अपने से अधिक दूसरों के बारे मे सोचने से रोकती हैं और उसे कहीं न कहीं इन बेजुबान जानवरो का हत्यारा बना देती है। बहरहाल हमारे समाज में और भी कई ऐसी बातें हैं जो हमारे दोहरे चरित्र को दर्शाता है। आज हानिकारक कूड़े से जानवरों कि मौत वास्तव में एक गंभीर समस्या है,जिसपर हमें विचार करने कि जरूरत है। लेकिन, हमारे पास इतना समय कहां कि हम इस बात पर गंभीरता से विचार कर सके। हमारे आसपास रहने वाले पशुओं के लिए हम ही एक बड़ा खतरा है, यह शायद ही आज कोई व्यक्ति सोचता होगा। खैर,इस बुद्धिजीवियों वाले समाज से उम्मीद ही क्या कि जा सकती है, जो प्रकृति का दोहन और उसमें रहने वाले जीवों का शोषण करने से पहले एक बार भी नहीं सोचता है।

अब यह समस्या आवारा जानवरों के बीच एक विकराल रूप ले रही है। जर्नल ऑफ़ थ्रेटेंड टैक्सा में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक यह पता चला है कि कूड़े के कारण जानवरों की खानें कि प्रबृत्ति में बड़ा बदलाव आया है। आगे रिपोर्ट यह भी कहती है कि खानें के व्यवहार में परिवर्तन आने कि वजह से यह उनके गतिविधियों को प्रभावित कर रहा है जोकि उन्हें रोगजनक संक्रमण का वाहक भी बना सकता है। कुलमिलाकर, कहा जा सकता है कि कचड़े में मौजूद घातक तत्व न सिर्फ जानवरों के लिए बल्कि इंसानों के लिए भी हानिकारक है। इस समस्या से हमारे समाज में कई बिमारियां उत्पन्न हो सकती हैं।

इसी कड़ी में आज जिस प्रकार से हमारा समाज विकसित हो रहा है, वह भविष्य में कई समस्याओं को आमंत्रित कर सकता है। आगे चलकर हमारे द्वारा फेंके गए कूड़े करकट से होने वाले प्रभाव हमें भी प्रभावित कर सकते हैं। अब जरूरत है कि हम जानवरों को कूड़ा खानें से रोके। इससे पहले कि देर हो जाएं इस समस्या से निपटने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत है। हम अपने आस-पास जिन जानवरों को भोजन की तलाश में कूड़ा-कचरा खाते हुए देखते हैं उन्हें भोजन देकर इस समस्या का निपटान किया जा सकता है। दरअसल वे हमारी ही वजह से कचड़ा खाने को मजबूर हैं। जिस क्रूरता से हमने अपनी लालसा के तले वन, जंगलों, पेड़-पौधों को काटा है उससे जंगली संसाधनों में भारी गिरावट आने के कारण वह आज अपनी भूख मिटा पानें में अस्मर्थ हैं। आज हमने जो बड़ी-बड़ी इमारतें का निर्माण किया है, जंगलों के ऊपर अपने समाज को विकसित किया है। यही वह वजहें हैं कि आज हम यह सब देख रहे हैं।

इसके अतिरिक्त हमारा गैरजिम्मेदाराना व्यवहार भी एक बड़ा कारण है जो कूड़े के निपटान से जुड़े विकल्पों के होते हुए भी उसके लाभ उठाने कि जरुरत नहीं समझता है। आज जिस पैमाने पर हमारे द्वारा फेंके गए कचड़े कि वजह से जानवरों कि मौत हो रही है, यह चिंताजनक विषय है। वास्तव में यह एक ऐसी नजरअंदाज की गई समस्या है जिसके बड़े घातक परिणाम हो सकते हैं। यह हमारे लिए अच्छा होगा कि हम समय रहते इस ओर प्रयास करें। सरकार को भी जरूरत है कि वह अपनी अपशिष्ट उपचार नीति और अपशिष्ट प्रबंधन में और मजबूती लाएं। स्वास्थ्य और स्वच्छता पर बनाए गए नारे सिर्फ नारे न बनकर रह जाए, कोशिशों में प्रबलता लाने और जानवरों के स्वास्थ्य के बारे में सोचने कि आज ख़ासा आवश्यकता है।

# सुधारात्मक कदम उठाने की जरूरत

भले ही भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और तेजी से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है, लेकिन अभी तक भारत में गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा प्राप्त करने के पर्याप्त विकल्प एवं अवसर उपलब्ध नहीं हैं। यही वजह है कि यहां के छात्र विदेश पढने जाते हैं। हालांकि ये छात्र वहां पढ़ाई के क्षेत्र में दुरियों से ज्यादा अपनी जान को लेकर ज्यादा चिंतित हैं। दरअसल, कई मुल्कों में भारतीय छात्रों पर जानलेवा हमले की संख्या बढ़ी है।बहरहाल,आज देशभर में 1000 से अधिक विविद्यालय और 42,000 से अधिक कॉलेज उच्च शिक्षा प्रदान करने का काम कर रहे हैं, लेकिन इनके पास अभी भी पर्याप्त पूंजी, कुशल शिक्षक और आधारभूत संरचना की कमी है। भारत का कोई कॉलेज या विविद्यालय आज भी दुनिया में शीर्ष 10 स्थानों पर काबिज नहीं है। भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के बावजूद सबसे बड़ी चुनौती है छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना, जिसे बुनियादी सुविधाओं, कुशल शिक्षक और पूंजी उपलब्ध कराकर प्रदान किया जा सकता है। विदेश में बड़ी संख्या में छात्रों द्वारा शिक्षा ग्रहण के कारण भारत से पूंजी का बहाव विदेशों में हो रहा है और साथ में प्रतिभा का पलायन भी हो रहा है। विदेश मंत्रालय के अनुसार जनवरी 2023 तक 15 लाख भारतीय छात्र विदेशों में पढ़ाई कर रहे थे, जबकि 2022 में यह संख्या 13 लाख थी और 2024 में इस संख्या के 24 लाख पहुंचने की संभावना है। 2020 से 2021 के दौरान विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों की संख्या में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों से ज्यादा बच्चे विदेश में शिक्षा ग्रहण करने जा रहे हैं,जिसका कारण सामाजिक स्टेटस सिंबल और विदेश में रहने की ललक है। विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों में से 20 प्रतिशत छात्र ही अपनी पढ़ाई पूरी करके विदेश से भारत वापिस लौटना चाहते हैं, जबकि 80 प्रतिशत छात्र वहीं बसना चाहते हैं। विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्रों में 35 प्रतिशत छात्र अमेरिका में शिक्षा हासिल कर रहे हैं।आज अमेरिका के शिक्षण संस्थानों में हर 4 छात्रों में से 1 छात्र भारतीय मूल का है।

**-सतीश सिंह-**

# श्रेष्ठता की पहचान


अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़



आज मंदिर के अंदर गर्भगृह में चारो ओर सन्नाटा था।पूर्व दिवस की अपेक्षा आज कुछ ज्यादा ही सन्नाटानजर आ रहा था।इस सन्नाटे को अनदेखा करते हुए मंदिर का पुजारी अचानक मंदिर में प्रवेश करता है।

और अपनी दैनिक दिनचर्या पंचोपचार,आदि पूजा करने की तैयारी शुरु करने वाला ही था,कि उसकी नजर गर्भगृह में पड़े पूजा सामग्रियों पर पड़ जातीहै। आश्चर्य प्रकट करते हुए अनायास उसके मुँह से निकल पड़ता है-अरे! यह क्या? सारी पूजा के सामग्रियां बिखरी पड़ी है!!

आखिर! यह सब किसने किया होगा? और वह गहरी सोंच में डूब जाता है।और मन ही मन विचार करता है-मंदिर के बाहर और अंदर सभी जगह मजबूत ताले लगे हुए थे,जिसको मैने आकर अभी-अभी खोले हैं,पर इस तरह से यहाँ के सारे पूजा सामान किसने बिखेरे होंगे? और फिर वह पुजारी सारे सामान को समेटने के लिए निचे फर्स की तरफ झुकता है। तभी अचानक मंदिर के गर्भगृह से रुष्टता भारी समवेत स्वर में आवाज आती है-पुजारी जी ठहरो! ठहरो!

पुजारी जी सकपका जाता है।और फिर अपने आप को सम्हालते हुए लड़खड़ाती जुबान पर कहता है-अरे भाई लोग! आह्।आप कौन हैं?और मुझे इस प्रकार से क्यों मना कर रहे हैं? मुझे भगवान की पूजा करनी है,आप लोग मुझे मत रोको।

खैर!आप लोग कौन हो?और क्या चाहते हो? और आप लोग दिखाई भी नही दे रहे हो! मेरे सामने प्रकट होते क्यों नही? जैसे ही पुजारी ने ऐसा कहा सभी पूजा की सामग्रियां मानवीय रूप में वहाँ प्रकट हो गए। इनके मानवीय रुप में प्रकट होने से पुजारी जी सकपका गये।ऐसा अद्भुत रूप को देखकर पुजारी जी के मन में नाना प्रकार के प्रश्न उठने लगे।और फिर थरथराते हुए पूछा-

कहिए भाइयों माजरा क्या है?

आप लोगों का यह आपसी बर्ताव लड़ाई-झगड़ा देखकर मुझे कुछ गड़बड़ लग रहा है।इतना कहना ही था कि ये शुरु हो गये।

इनके आपसी शोरगुल और खींचतान से जो खिज भरी आवाजें छन कर आ रही थी,वह कुछ इस प्रकार से थी-कोई कह रह था-मै सर्वश्रेष्ठ!कोई कह रहा था-मै अनमोल!तो कोई-मै कीमती! तो कोई- मै अनमोल!तो कोई-मै महान! तो कोई मै-मेरे बिना पूजा अधूरा और सुना! तो कोई-मेरी अहमियत सबसे ज्यादा!! इतना सब सुन-सुन के पुजारी कंझा गया।उसके कान शोरगुल से भर गया फिर उसने खिजते हुए कहा-

सब शान्त और !चुप भी हो जाओ भाईयों !! एक बार फिर गर्भ गृह में सन्नाटा छा जाता है।पुनः पुजारी कहता है-कोई मुझे साफ-साफ बताने का कष्ट करेगा,कि आखिर बात क्या है?

इस समय सभी की बोलती बंद हो गई थी। कुछ समय पश्चात अगरबत्ती बोलती है-देखिए पुजारी जी मै हमेशा जल-जलकर पीड़ा सहते हुए वातवरण को महकाती हूँ,अर्थात मै ही श्रेष्ठ हूँ। फिर इसी समय तपाक से धुप भी बोल पड़ा-श्रेष्ठ मैं हूँ, मुझे भी पीड़ा होती है,क्योंकि मैं तो एक साथ आग में डाल दिया जाता हूँ,ताकि आसपास को महका सकूं।इसके बाद चंदन भी पीछे कहाँ रहने वाला था बोल पड़ा-इन लोगों से मैं श्रेष्ठ हूँ क्योंकि मैं बार-बार घिसा जाता हूँ पीड़ा मै भी सहता हूँ।मैं माथे का शोभा बनता हूँ। फिर घंटी भी उछ्ल के बोल पड़ी-श्रेष्ठ मैं हूँ क्योंकि मैं अपने आप से टकराती हूँ,मुझे भी दर्द होता है,और मैं ही जड़-चेतन जागृत करती हूँ। इसके बाद फूलों से रहा नही गया,और एक फूल कहता-पुजारी जी पीड़ा हम भी कोई कम नही सहते!देखिए न हमे बागों से तोड़ लिया जाता है,और फिर प्रतिदिन पुष्पहार बनने के लिए सुई से बार-बार चुभना पड़ता है,इसके बाद भी हम अपनी सुषमा और शोभा प्रदान करते हैं।अर्थात हम फूल ही श्रेष्ठ हैं।इन सभी की पीड़ा भरी बातें सुनकर पुजारी जी आवाक रह गये।और वह स्त्बध हो गये।और फिर धीमी आवाज मेंकहा- आप सभी की बातें तर्क संगत है,पर श्रेष्ठ कौन है?

इसका उत्तर मैं नही दे पाऊँगा।

इतना सुनकर फिर शोरगुल करते सभी ने प्रश्न किया-तो इसका उत्तर कौन देगा ? तभी पुजारी जी ने कहा-स्वयं भगवाना देंगे!! और फिर पुजारी जी हाथ जोड़कर भगवान कोसमरण किया-हे भगवन आज मै धर्मशंकट में हूँ,इस धर्म शंकट से मुझे मुक्ति दिलाईए! और फिर उसी समय एक बिजली कौंधती है,गर्भ गृह प्रकाशित हो जाता है और स्वयं भगवान प्रकट हो जाते हैं।और गंभीर ध्वनि गूंज जाती है।

कहिये पुजारी जी हमें कैसे याद किया ? पुजारी जी भगवान के चरणों मे दंडवत हो सारा वृतान्त कह सुनाये।इतना सुनने के बाद भगवानमुस्कुराते हुए कहते हैं-

मेरे सहयोगी साथियों श्रेष्ठ कौन है? इसका उत्तर बताऊँ इसके पहले मै भी अपनी पीड़ा व्यक्त करना चाहता हूँ यदि आप लोग अवसर दें तो!! सभी आश्चर्य चकित हो एक दूसरे को देखते लगे और बोल पड़े-

भगवान!भला आपको किस बात की पीड़ा?? पर! जब आप कह रहे हैं अवसर देने का तो जरुर!जरूर! कहिए न। भगवन!? साथियों मेरी पीड़ा यह है कि मैने भी छैनी और हथौड़े की खुब चोटें सही है।इतना सुनना क्या था सभी सामग्रियां आश्चर्य चकित हो गये।

इधर पुनः भगवान अपनी व्यथा सुनाने लगेउन्होंने आगे कहा-मैने भी खूब पीड़ा सही है,पर मै तो कभी अपने आपको श्रेष्ट बताने की कोशिश नही किया। हां इतना जरूर है मै सम्मानीत हो गया,अनघड़ पत्थर से भगवान की मूर्ति बन गया।पुरी दुनिया पूजने लगी। मैने तो कभी अपने आपको श्रेष्ठ नही माना। न कभी श्रेष्ठ हूँ। रही बात श्रेष्ठता की,जिसके बारे आप लोग उत्तर जानना चाहते हैं!तो सुनो-श्रेष्ठ कोई एक नही है आप सभी श्रेष्ठ हो।सृष्टि के संचालन में किसी एक का ही योगदान नही रहता। इसमे सभी का योगदान होता है।हम सभी एक दूसरे के अनुपूरक हैं।एक दूसरे के बिना हम सभी अधूरे है।

इतना सुनने के बाद सभी सामग्रियों को बात समझ में आ गई,और भगवान के तर्क संगत उत्तर से प्रसन्न हो गये।इधर पुजारी जी भी धर्म संकट से मुक्त हुए।और उसी समय पुरा गर्भ गृह भगवान के जयकारे से गूंज उठा।

# तुम मैं और वक्त


पूनम शर्मा
जमशेदपुर,
झारखंड

मुकेश का हाथ थामें माधवी चलती चली जा रही थी। और मुकेश न जाने कौन सी बातों में उलझा हुआ प्रतीत हो रहा था। तभी माधवी ने मुकेश से कहा क्यों व्यर्थ की चिंता करते हो? मैं हूं ना साथ तुम्हारे ! साथ चलने की कसम हम दोनों ने खाई थी , तो किसी और के साथ न चलने पर काहे बात की चिंता।



जब हम दोनों ने मिलकर पूरा घर परिवार संभाल लिया तो एक दूसरे को भी संभल ही लेंगे। ईश्वर की इतनी कृपा क्या काम है कि हम दोनों के हाथ पांव सही सलामत है। एक बात बताओ मुकेश ~ कभी देखा है उड़ता हुआ परिंदा अपनी घोंसले में टिक हो। सभी को अपना घरौंदा खुद ही बनाना पड़ता है। हमारी जिंदगी अब कुछ दिनों की बची है।

माधवी बोलते जा रही थी और मुकेश कदम दर कदम उसकी बातें सुनता जा रहा था , मानों जैसे किसी नन्हे बच्चे को हाथ थाम कर चलना कोई सीख रहा हो। वास्तविकता में इंसान अपनी जिंदगी भर की कोशिश को जुटा कर अपने बच्चों को बेहतर से बेहतर जीवन देने का प्रयास करता है। परंतु बाद में सभी को एक सा बुढ़ापा मिले यह संभव नहीं है। माधवी की बात सुन मुकेश केवल रास्ते भर हाँ, हाँ ,हाँ ,ही कहता जा रहा था। और माधवी मन ही मन सोच रही थी जिंदगी का बोझ उठाते उठाते आज मुकेश कितना थक गया है , कि उसे अपनी जिंदगी की ही कोई सुध- बुध नहीं रही है ।और ईश्वर से प्रार्थना कर रही थी कि हे ईश्वर इसे शक्ति प्रदान करो आने वाले समय से संघर्ष करने की। वक्त इंसान के लिए कभी भी एक सा नहीं रहता।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# पौधा जरूर लगाए


श्याम सुंदर साहू
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

सांसे हो रही है कम,
चलो करें हम पहल।
पर्यावरण को बचाने,
एक मात्र यही है हल।।
सर्वत्र हरियाली लाने,
चलो पौधा लगाए।
आने वाली पीढ़ी को,
इस गर्मी से बचाए।।
पर्यावरण संरक्षण की ओर,
चलो एक कदम बढ़ाए।
आओ हम सब मिलकर,
अपना कर्त्तव्य निभाए।।
जल जंगल जमीन को,
मिलकर बचाएंगे।
इस सुंदर धरती को,
पेड़ो से सजाएंगे।।
एक पेड़ के महत्व को,
लोगों को बताए।
इस सृष्टि को बचाने,
पौधा जरूर लगाए।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK

# 40 किमी दूरी तय कर ग्रामीण एवं किसान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी कार्यालय में लगा रहे चक्कर

## राजस्व निरीक्षक और पटवारी अपने मुख्यालय से रहते हैं नदारत

» **नौतपा की कड़कती धूप में जमीन संबंधित कार्य कराने पहुंच रहे ब्लॉक मुख्यालय ग्रामीण परेशान**

» **तहसील कार्यालय में तहसीलदार रहते हैं नदारत राजस्व मामला का नहीं हो पा रहा निराकरण**






- मनोज कुमार -
लखनपुर, 29 मई 2024
(घटती-घटना)।

लखनपुर राजस्व मामलों को देखते हुए लगातार व्यवस्था में सुधार होने के बजाय अव्यवस्था में पूरी तरह से तब्दील हो गई है । जिसका जिम्मेदार इस पद पर बैठे उच्च अधिकारी भी है जिनके कारण हल्का पटवारी अपने मुख्यालय में निवास तो दूर वहां महीना में चार-पांच बार ही पहुंच पाता है अन्यथा हाउसिंग बोर्ड पर बने कॉलोनी में कार्यालय खोलकर अपना दुकान संचालक खुलेआम किया जा रहा है।

जिसमें मुख्य रूप से लखनपुर राजस्व निरीक्षक मंडल संजय सिंह को पदस्थ किया गया है। जिसके अंतर्गत 10 से 12 हल्का आता है उनके द्वारा लखनपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में कार्यालय खोलकर संचालित किया जा रहा है। वहीं राजस्व मंडल सलका राजस्व निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह और राजस्व मंडल कुन्नी के राजस्व निरीक्षक आफताब अहमद उसी क्रम में राजस्व मंडल लाटोरी के राजस्व निरीक्षक किशन सिंह के द्वारा भी लखनपुर हाउसिंग बोर्ड में कार्यालय खोलकर दुकान का संचालन खुलेआम किया जा रहा है। जबकि राजस्व मंडल कुन्नी में स्वतः ही नायाब तहसीलदार ऑफिस भी खोला गया है जिसके तहत राजस्व निरीक्षक को कार्यालय खोलकर वहां लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जाना है परंतु बिनिया पटकुरा अरगोती लब्जी जैसे दुर्गम क्षेत्र के ग्रामीणों को इस नौतपा की तपती हुई धूप में 30 से 40 किलोमीटर की दूरी तय कर यहां राजस्व निरीक्षक मंडल कुन्नी कार्यालय हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में संचालित हो रही उसके पास पहुंच रहे हैं।

वहीं कुछ ग्रामीण हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पटवारी कार्यालय संचालित है जहां मुख्य रूप से कुछ ग्रामीण जैसे कटकोना के राजकुमार राजवाड़े एवं सहयोगी के द्वारा अपने जमीन फौती नामांतरण के लिए एक महीना से लगातार पटवारी का चक्कर काट रहे हैं। लेकिन अभी तक उनको आए दिन समय दिया जा रहा है। इसी तरीके से आसपास के ग्रामीणों को कई किलोमिटर का सफर कर लखनपुर हाउसिंग बोर्ड कार्यालय का चक्कर काटना पड़ रहा है मुख्यालय में ना ही पटवारी और ना ही राजस्व निरीक्षक पहुंच रहे हैं और इस नौतपा कि कड़ाके की धूप में अपने सुविधा अनुसार सेवा शुल्क लेते हुए लखनपुर बुलाया जा रहा है।

जिससे यह तो स्पष्ट दिख रहा है कि शासन का मनसा को धूमिल करते हुए घर और गांव पहुंच सेवा देने वाले पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक के द्वारा अपनी पद एवं अपने कार्य को सही तरीका संपादित नहीं किए जाने के कारण आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

लखनपुर राजस्व निरीक्षक संजय सिंह ने संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व निरीक्षक कार्यालय का भवन जर्जर हो गया है इस कारण से राजस्व निरीक्षक कार्यालय का संचालन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित आवंटित मकान के कमरे में कार्यालय का संचालन करना पड़ रहा है।

**लखनपुर राजस्व निरीक्षक संजय सिंह**

इस संबंध में राजस्व निरीक्षक मंडल कुण्या आफताब आलम ने बताया कि कुन्नी मुख्यालय में भवन नहीं होने के कारण कंपोजिट बिल्डिंग में ही चारों मण्डल के राजस्व निरीक्षक कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। सीमांकन संहित अन्य कार्यों के लिए मंडल मुख्यालय कुन्नी और गांवो में जाकर ग्रामीणों का कार्य किया जाता है।

**राजस्व निरीक्षक मंडल कुन्नी आफताब अहमद**

# भीषण गर्मी की चपेट में सरगुजा, तापमान 44 डिग्री के पार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 29 मई 2024
(घटती-घटना)।



बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात की सक्रियता कमजोर पड़ते ही सरगुजा संभाग में गर्मी का असर दिखना शुरू हो गया है। लगातार दूसरे दिन से तापमान परमान चढ़ा हुआ है। लोग भीषण गर्मी से परेशान हैं। सरगुजा संभाग में लू जैसी स्थिति बनी हुई है। बुधवार को अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं बलरामपुर 44.8,जशपुर डुमरबाहर 43.0,कोरिया बैकुंठपुर 43.9,सूरजपुर 43.5 दर्ज किया गया है। सुबह 11 बजे के बाद सूर्य की किरणें आग उगल रही है। शरीर झुलसा देने वाली गर्मी से परेशान हैं। वहीं बुधवार का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मई महीनें में 11 वर्ष बाद अंबिकापुर का तापतान 44.2 डिग्री पहुंचा है। इससे पूर्व वर्ष 2023 में 44.8 डिग्री पहुंचा था। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार राजस्थान की ओर से आने वाली पश्चिमी गर्म हवा के प्रवेश का क्रम उत्तरी छत्तीसगढ़ में जारी है। जिसके प्रभाव से सरगुजा संभाग में भीषण गर्मी पड़ रही है। आग की तरह चिलचिलाती धूप से लोग परेशान हैं। लोग सुबह 11 बजे के बाद सडक़ों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। लोग आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकल रहे हैं। वहीं तापमान में लगातार वृद्धि होने से लोगों को घरों में भी राहत नहीं है।

### संवहनी हवाओं का प्रभाव

मौसम वैज्ञानिक एएम भट्ट के अनुसार आगे आने वाले दिनों में लू का प्रभाव बने रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि 1-2 दिनों तक अधिकतम तापमान में उछाल देखी जा सकती है। वहीं तापमान के बढ़ने से स्थानीय संवहनी हवाओं का प्रभाव भी सरगुजा संभाग पर दिख रहा है। शाम को आसमान मेघमय हो गया और कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा भी हुई। अम्बिकापुर में भी बूंदाबांदी दर्ज की गई।

# 12.30 से दूसरे दिन सुबह 6 बचे तक की गई वाहनों की चेकिंग

- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।



सरगुजा पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। मंगलवार की रात 12.30 से दूसरे दिन सुबह 6 बजे तक चार प्रमुख चौक चौराहों पर प्वाइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की गई। सघन चेकिंग अभियान के दौरान शराब पीकर यात्री बस चलाने वाले वाहन चालकों, ओवर लोड की चेकिंग सहित अवैध मादक पदार्थों की चेकिंग की गई। प्रत्येक टीम द्वारा सभी यात्री बसों एवं मालवाहक वाहनों सहित भारी वाहनों की सघनता से जांच की गई। अभियान के तहत यातायात के नियमों की अवहेलना करने पर कुल 34 वाहन चालकों से 43 हजार 200 रुपये समन शुल्क वसूले गए। चेकिंग के दौरान देर रात शराब पीकर वाहन चलाते कोई भी वाहन चालक नहीं पाया गया है।

# भीषण गर्मी में पानी की समस्या से जुझ रहे वार्ड वासी, पार्षद ने स्थानीय लोगों के साथ निगम में दिया धरना




- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2024
(घटती-घटना)।

झुलसा देने वाली भीषण गर्मी के बीच बीते चार माह से बूंद बूंद पानी को तरस रहे वार्ड वासियो का गुस्सा आज फुट पड़ा है। जहा वार्ड के पार्षद के साथ वार्ड वासियो ने निगम कमिश्नर कार्यलय पहुच कर जमीन पर बैठकर नारेबाजी करते हुए पानी व अन्य मूलभूत सुविधाएं दिए जाने की मांग करते हुए आने वाले दिनों में आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

नगर निगम अंबिकापुर के वार्ड नंबर 22 शहीद वीर नारायण वार्ड में पिछले कई महीनों से पानी की समस्या बनी हुई है। वार्ड के पार्षद सतिश बारी ने बताया कि वार्ड में मात्र एक हैंड पंप है। इसी के सहारे 100 से 150 लोग पानी भारते हैं। वहीं पानी का टैंगर निगम द्वारा भेजा जाता है पर पानी पर्याप्त नहीं हो पाता है। टैंकर के आने का भी कोई सहय नहीं है। इससे वार्डवासी काफी परेशान हैं। वहीं सडक़ की भी स्थिति काफी खराब है। आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इन्हीं गंभीर समस्या को लेकर वार्डवासियों के साथ निगम में धरना प्रदर्शन किया है। ज्ञापन के माध्यम से निगम आयुक्त को समस्याओं से अवगत कराया गय है। निगम आयुक्त का कहना है कि बांकी जलासय का जलस्तर कम हो जाने के कारण पानी की पर्याप्त मात्रा में सप्लाई नहीं हो पा रही है। जिन वार्डों में ज्यादा समस्या है वहां व्यवस्था पानी की व्यवस्था कराई जा रही है। निगम आयुक्त ने बताया कि पिछले वर्ष बांकी डेम में मात्र 18 प्रतिशत ही पानी का भराव हो पाया था। वहीं बांकी डेम में अब मात्र 8 प्रतिशत ही शेष पानी बचा हुआ है। निगम आयुक्त के ने बताया अंबिकापुर निगम क्षेत्र के मठपारा, घुटरापारा, गंगापुर, नमनाकला, गोधनपुर में पानी की समस्या बनी हई है। इन वार्डों में भी वैकल्पिक व्यवस्था में पानी की सप्लाई की जा रही है। अभी तक किसी भी वार्ड में पानी के लिए हाहाकार की स्थिति नहीं बनी हुई है।

# दोस्तों के साथ लिब्रा वॉटरफॉल में नहाने गए युवक की डूबने से मौत



- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2024
(घटती-घटना)।

शहर से लगे लिब्रा वॉटरफॉल में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ वॉटरफॉल में नहाने गया था। नहाने के दौरान वह डूब गया, वहीं उसके दोस्त बचाने के बजाए उसे छोडक़र भाग गए। सूचना पर पहुंची दरिमा पुलिस ने युवक के शव को बाहर निकाला और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार अन्नू द्विवेदी उम्र 22 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। वह बुधवार की दोपहर अपने कुछ दोस्तों के साथ मिनी गोवा कहे जाने वाला लिब्रा वॉटरफॉल गया था। वहां भीषण गर्मी में आदंन लेने के लिए सभी नहा रहे थे। नहाने के दौरान अन्नू वॉटरफॉल में डू गया। इसे देख उसके दोस्त वहां से भाग गए। सूचना पर दरिमा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से अन्नू द्विवेदी को बाहर निकाला और उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि युवक शराब पिए हुए था।

### गत वर्ष भी हुई थी घटना

लिब्रा वॉटरफॉल में डूबने से मौत की घटना दो वर्षों में यह दूसरी घटना है। गत वर्ष एक युवती की मौत हो जाने के बाद वहां जाने के लिए ग्रामीणों ने प्रतिबंध लगा दिया था। उसके बाद से काफी समय तक लोगों का वहा जाना बंद था परंतु इस वर्ष फिर से भारी संख्या में युवक-युवतियों का वहां पहुंचना शुरू हो गया था।

# विद्युत कर्मचारी संगठन जनता यूनियन ने मुख्य अभियंता से भेंट कर रखी विभिन्न मांगें



- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन अंबिकापुर के प्रतिनिधिमंडल ने अंबिकापुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता शिरीष सेलोट से चर्चा की। इस दौरान प्रांतीय सचिव जेके श्रीवास्तव,प्रांतीय उपाध्यक्ष जेपी पटेल एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष यतीन्द्र गुप्ता शामिल रहे। कैशलेस चिकित्सा योजना, गांधीनगर पानी टंकी सहित सिविल संबंधी कार्य, कर्मचारियों के ग्रेडेशन,प्रमोशन,ट्रांसफर, कर्मचारियों की कमी जैसे अनेक मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता की। वार्ता में अतिरिक्त मुख्य अभियंता आवेदन कुजूर एवं सिविल संभाग के सहायक अभियंता अजय नील कुजूर भी मौजूद थे। वार्ता के दौरान जनता यूनियन ने कैशलेस चिकित्सा में आ रही समस्याओं के निदान हेतु क्षेत्रीय स्तर पर नोडल नियुक्त करने एवं इस सम्बंध में नेटवर्क अस्पतालों को कंपनी की ओर से दिशा निर्देश जारी करने की मांग रखी जिसे स्वीकार करते हुए मुख्य अभियंता सेलोट ने कहा वे शीघ्र इसके लिए उच्च प्रबंधन से मशवरा करेंगे। इस द्विपक्षीय वार्ता में क्षेत्रीय प्रबंधन की ओर से अधीक्षण अभियंता आरके मिश्रा उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की सभी मांगों को कर्मचारी अधिकारी और कम्पनी हित के लिए उपयोगी बताया तथा यथोचित पहल कर समुचित निदान का भरोसा दिलाया। जनता यूनियन की ओर से आर के राजपूत, आरके सिंह परिहार, आरपी सिंह, पूर्णानंद यादव,वीरेंद्र सिंह, चंद्रकांत जायसवाल, शालू बिस्वाल, अमित गिरी,अशोक सिंह एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष यतीन्द्र गुप्ता सहित अनेक सदस्य शामिल हुए।

# ट्रक-कार भिड़ंत में समिति प्रबंधक की मौत,इसी सप्ताह हुई थी शादी

» **बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के महाराजगंज समिति में प्रबंधक था मृतक, साथ लौट रहे चांदो समिति प्रबंधक की हालत नाजुक**





- संवाददाता -
अंबिकापुर,29 मई 2024
(घटती-घटना)।

बलरामपुर रामानुजगंज जिले से कई समिति प्रबंधक हाईकोर्ट गए थे। हाईकोर्ट से काम निपटने के बाद महाराजगंज समिति प्रबंधक दीपक मिंज अपने साथी चांदो समिति प्रबंधक फिरोज अंसारी के साथ बलेनो कार से वापस लौट रहे थे। अंबिकापुर पहुंचने से करीब 4 किमी पहले सामने से आ रहे ट्रक से उनकी रात 9 बजे जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में दीपक मिंज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि फिरोज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मणिपुर पुलिस द्वारा दोनों को अस्पताल ले जाया गया। यहां फिरोज की हालत नाजुक है। दीपक की शादी 23 मई को हुई थी, जबकि 24 मई को रिसेप्शन था। दीपक रामानुजगंज से लगे ग्राम आरागाही का रहने वाला था। घटना से पूरे जिले के समिति प्रबंधकों में शोक की लहर है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृत दीपक की पत्नी सुष्मिता किरण एक्का सहकारिता निरीक्षक के पद पर पदस्थ हैं। उनकी हाथों की मेंहदी भी नहीं छुटी थी और उनका सुहाग उजड़ गया। इस घटना से वह सदमे में हैं। हाईकोर्ट गए समिति प्रबंधकों ने बताया कि फूड ऑफिसर द्वारा जिले के सभी समिति प्रबंधकों पर लगातार भारी दबाव बनाया जा रहा था। समिति प्रबंधकों का कहना है कि धान का उठाव जीरो हो चुका था, परंतु लंबे समय तक उठाव नहीं होने कारण सभी बोरा में सुखती 1- 3 किलो हो गया था। इसकी भरपाई के लिए दबाव बनाया जा रहा था,इसी वजह से वे हाई कोर्ट गए थे। जिला खाद्य अधिकारी के द्वारा जिस प्रकार से पूरे जिले के समिति प्रबंधकों में भारी दबाव बनाया गया। इसे लेकर उनमें भारी आक्रोश है। बुधवार को 49 धान उपार्जन केंद्र व 37 समितियां घटना के शोक में बंद रखी गई हैं।


# ऑस्ट्रेलिया की कंपनी ने इंसान की लाश को बर्फ में दफनाया

## आशा- भविष्य में बनेगी जिंदा करने की तकनीक

**सिडनी,29 मई 2024।** विज्ञान लगातार तरक्की कर रहा है। इंसान ने विज्ञान की मदद से कई तरह के आविष्कार किए हैं मगर मौत के बाद फिर से किसी को जिंदा कर पाना असंभव ही लगता है। मगर अब एक ऑस्ट्रेलियाई कंपनी ने दावा किया है कि वो इंसान को मरने के बाद भी जिंदा कर देगी। इसके लिए कंपनी शव को बर्फ में दफनाने का काम कर रही है। एक क्रायोनिक्स कंपनी ने अपने पहले ग्राहक को बर्फ में दफना दिया है। कंपनी को उम्मीद है कि वह भविष्य में उसे जिंदा कर सकेगी।

### पहले यह किया था कंपनी ने दावा

एक रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की कंपनी सदर्न क्रायोनिक्स (Southern cryonics) का हेडक्वार्टर सिडनी में है और उन्होंने वहां से करीब 500 किलोमीटर दूर होलब्रूक में अपनी हाइटेक फैसेलिटी सेटअप की है। कंपनी ने दावा किया कि वो इंसान की लाश को -200 डिग्री सेल्सियस तापमान में दफन करेगी और उसके बाद भविष्य में अगर



कभी विज्ञान इतनी तरक्की कर गया कि इंसान को मरने के बाद भी जिंदा किया जा सके तब दफन की गई लाशों को निकाल कर उन्हें जिंदा किया जाएगा।

### 80 साल के ग्राहक का शव दफनाया

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी गोलार्ध की पहली क्रायोनिक्स सुविधा संचालित करने वाली सदर्न क्रायोनिक्स ने एलान किया है कि उसने अपनी होलब्रूक सुविधा में अपने पहले ग्राहक को क्रायोजेनिक रूप से फ्रीज कर दिया है। बता दें कि 80 वर्षीय ग्राहक की सिडनी में माइनस 200 डिग्री सेल्सियस पर फ्रीज किए जाने से पहले मृत्यु हो गई थी।

### हमने ठीक से तैयारी नहीं की होती तो...

आउटलेट के अनुसार, सदर्न क्रायोनिक्स के सुविधा प्रबंधक फिलिप रोड्स ने बताया, यह बहुत तनावपूर्ण था। यही वह बात थी जिसने मुझे एक सप्ताह तक जगाए रखा क्योंकि अलग-अलग दिनों में कई अलग-अलग प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है और ऐसी कई स्थितियां थीं जो गलत हो सकती थीं यदि हमने ठीक से तैयारी नहीं की होती।

### परिवार ने अचानक फोन किया

रोड्स ने कहा कि भले ही उनकी फर्म इस साल से ही शवों को स्वीकार करने के लिए तैयार है, लेकिन उनका पहला ग्राहक थोड़ा खास था। उन्होंने कहा कि उनके परिवार ने अचानक फोन किया और हमारे पास तैयारी करने के लिए लगभग एक सप्ताह का समय था। उनकी टीम ने सभी क्रायोनिक्स उपकरणों का परीक्षण किया और टीम लगभग पूरी तरह से तैयार थी।

# पाकिस्तान की जेल में बंद दो भारतीयों से मिले उच्चायोग के अधिकारी,जासूसी के आरोप में हुए थे गिरफ्तार



**इस्लामाबाद,29 मई 2024।** पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने सोमवार को पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद दो भारतीय युवकों से मुलाकात की। इन युवकों को जासूसी के आरोप में चार साल पहले गिरफ्तार किया गया था। हाल ही में इन्हें उच्च सुरक्षा वाली रावलपिंडी की अडियाला जेल में शिफ्ट किया गया है। दोनों युवकों की पहचान 29 वर्षीय फिरोज अहमद लोन और 24 वर्षीय नूह अहमद वानी के रूप में हुई है।

### जम्मू कश्मीर के निवासी हैं दोनों युवक

पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में गिरफ्तार दोनों युवक जम्मू कश्मीर के बांदीहुराह इलाके के गोरेज इलाके के निवासी हैं। दोनों को साल 2020 में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के गिलगित बाल्टिस्तान इलाके से गिरफ्तार किया गया था। दोनों को हाल ही में पीओके की गिलगित बालटिस्तान जेल से रावलपिंडी की अडियाला जेल में शिफ्ट किया गया है। भारत सरकार की अपील पर पाकिस्तान सरकार ने जेल में बंद भारतीय नागरिकों को काउंसलर एक्सेस दिया है। इसके बाद सोमवार को भारतीय उच्चायोग और भारतीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों की एक टीम ने जेल में बंद भारतीय नागरिकों से मुलाकात की।

पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग या पाकिस्तान विदेश कार्यालय की ओर से अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। दोनों युवक साल 2018 में जम्मू कश्मीर से लापता हुए थे। माना जाता है कि दोनों युवक गलती से सीमा पार कर गए थे, लेकिन पाकिस्तान की पुलिस ने दोनों पर जासूसी के आरोप लगाते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया था।

# मेडिकल कॉलेज में आयोजित किया गया फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम





» **आपात स्थिति में बचाव करने के दिए गए टिप्स**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।**

भीषण गर्मी की स्थिति के मद्देनजर आग जनित दुर्घटनाओं की आशंका को ध्यान में रखते हुए, दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय और अग्नि शमन यंत्र के उचित संचालन हेतु मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में बुधवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कॉलेज डीन डॉ रमणेश मूर्ति की पहल पर कार्यक्रम का आयोजन श्री अंजनी तिवारी एवं टीम जिला अग्नि शमन विभाग के द्वारा प्रातः 11:15 बजे महाविद्यालय उद्यान में किया गया। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय परिसर में कार्यरत समस्त 200 फैकल्टी, अधिकारी,कर्मचारी तथा अध्ययनरत् विद्यार्थी उपस्थित हुए और प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान अग्निशमन टीम द्वारा आगजनी की आपात स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा उपायों पर महत्वपूर्ण टिप्स साझा किए।

# शहर से लगे लिबरा वाटर फाल ने आज फिर एक युवा की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।**

शहर से लगे लिबरा वाटर फाल ने आज फिर एक युवा की मौत पर कांग्रेस ने गहरा दुख जताया है। कांग्रेस ने इसके लिए सीधे तौर पर प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए भविष्य के लिए सुरक्षा के कड़े बन्दोबस्त करने की मांग की है।



जिला पंचायत सदस्य एवम कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने एक बयान जारी कर कहा कि एक वर्ष पूर्व भी लिबरा झरना में एक युवती की मौत गहरे पानी मे डूब जाने से हुई थी। तब जिला पंचायत की बैठके में यह विषय प्रमुखता से उठाया गया था।झरना में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। यहां सुरक्षा का कोई इन्तजाम नहीं है। पूर्व में झरना स्थल की व्यवस्था ग्राम पंचायत या किसी अन्य सरकारी एजेंसी के जिम्मे देने की बात हुई थी।जो कि पर्यटन स्थल के विकास और सुरक्षा की व्यवस्था करती। प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।पंचायत प्रतिनधियों के बार बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी कोई पहल न होने से वहां अव्यवस्था निर्मित हो गयी । प्रशासनिक चूक के चलते शहर के युवा की जलसमाधि हो जाना बेहद दुखद और चिन्ताजनक है।कांग्रेस पार्टी और क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों ने इस घटना से सबक लेकर झरना स्थल पर सुरक्षा के इंतजाम करने तक वहां पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की है।

# उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनय अग्रवाल ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और मतगणना की तैयारियों का लिया जायजा

» **आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना कार्य की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें:अग्रवाल**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन कार्यालय से उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री विनय अग्रवाल बुधवार को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज अम्बिकापुर स्थित स्ट्रांग रूम के निरीक्षण पर पहुंचे।

उन्होंने आगामी 04 जून को होने वाली मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही तैयारियों एवं







सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने विधानसभावार बनाए जा रहे मतगणना कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना कार्य में संलग्न अमले, मतगणना की रिपोर्टिंग, मीडिया कक्ष की व्यवस्था, मतगणना स्थल परिसर में निर्वाचन अभ्यर्थियों और एजेंटों के बैठने की व्यवस्था, परिसर और मतगणना कक्ष में एंट्री और एक्जिट आदि में नियमों के पालन के बारे में जानकारी ली। श्री अग्रवाल ने मतगणना दिवस पर विद्युत की सतत् आपूर्ति सुनिश्चित करने, सहित इंटरनेट व्यवस्था,सुरक्षा के सभी मानकों के पालन के निर्देश दिए। जिससे किसी भी तरह से मतगणना कार्य प्रभावित ना हो।

इस दौरान मौजूद एआरओ अम्बिकापुर श्री फागेश सिन्हा द्वारा मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि मतगणना के दौरान ईवीएम में दर्ज वोटों के साथ ही डाक मतपत्रों की भी गणना की जाएगी। डाक मतपत्रों की गणना 11 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय जिलों में ही सम्पन्न होगी। इन 11 जिलों में डाक मतपत्रों की मतगणना 8 बजे प्रारम्भ होने के आधे घंटे बाद अर्थात साढ़े 8 बजे से ईवीएम के मतों की गणना प्रारम्भ की जाएगी। इन 11 मुख्यालय जिलों को छोड़कर शेष 22 जिलों में 8 बजे से ही ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारम्भ कर दी जाएगी।

# मोटरसाइकिल चोरी के मामले में फरार चल रहा अंतराज्यीय चोर गिरोह का एक और सदस्य गिरफ्तार

**- संवाददाता -**
**प्रतापपुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।**

पूर्व में प्रतापपुर पुलिस ने चोरी की 22 मोटरसाइकिल जब्त कर एक अंतर्राज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की थी। अब प्रतापपुर पुलिस ने इस मामले में फरार चल रहे कुछ और आरोपितों में से एक आरोपित को धर दबोचने में सफलता हासिल की है।

बता दें कि 26 मार्च 2024 को साप्ताहिक बाजार प्रतापपुर के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान 29 मार्च 2024 को ग्राम पोड़िपा में एक मोटरसाइकल को बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे मुरका निवासी दिल मोहम्मद को प्रतापपुर पुलिस ने मोटरसाइकल सहित पकड़ा था। पूछताछ में उसने बताया था कि दिनांक 23 मार्च 2024 को प्रतापपुर की एक किराना दुकान के सामने से हीरो एचएफ डिलक्स को चोरी कर ले गया था जिसे बेचने के लिए आज ग्राहक की तलाश कर रहा था। उसने पुलिस को यह भी बताया था कि बीते डेढ़ वर्षों में वह प्रतापपुर,अंबिकापुर,बरियों, राजपुर,बलरामपुर,रामानुजगंज व शंकरगढ़ से कुल 26 नग मोटर सायकल चोरी कर चुका है। जिसमें से कुछ मोटर सायकल को अपने साथी





संजय देवांगन निवासी लालमाटी,अरबाज अली निवासी राजपुर, तसरीफ निवासी बभनी व अन्य लोगों के पास बेचा है। मामले में प्रतापपुर पुलिस ने आरोपित दिल मोहम्मद, अरबाज,संजय,तसरीफ से कुल 22 नग मोटर साइकिल बरामद कर इन चारों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। उक्त मामले में इमरान व अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। जिनकी लगातार पतासाजी की जा रही थी।

गौरतलब है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर एमआर आहिरे ने चोरी, नकबजनी सहित सभी आपराधिक मामलों में फरार चल रहे आरोपितों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दे रखे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रतापपुर पुलिस आरोपितों की पतासाजी में लगी हुई थी इसी बीच पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 28 मई 2024 को घेराबंदी कर फरार आरोपित इमरान पिता इस्लामुद्दीन उम्र 20 वर्ष निवासी बिशुनपुरा थाना डिण्डो जिला बलरामपुर को पकड़ा। जिसके कब्जे से चोरी की एक हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल बरामद होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रतापपुर लक्ष्मण सिंह धुर्वे, एएसआई हरिशंकर तिवारी, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक इन्द्रजीत सिंह, राजेश तिवारी व लक्ष्मी नारायण मिर्रे सक्रिय रहे।

# विवाहिता ने आग लगाकर की आत्महत्या,पिता ने पति पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।**

बैकुंठपुर जिले के बसदेवपुर में 28 मई को विवाहिता ने कमरे में स्वयं को आग लगा ली। इससे महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए बैकुंठपुर अस्पताल ले गए। यहां चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मृतका के पिता ने उसके पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार उर्मिला सिंह पति दिपनारायण सिंह उम्र 30 वर्ष बैकुंठपुर जिले के ग्राम बसदेवपुर की रहने वाली है। इसके



पिता भैयालाल ने आरोप लगाया है कि दोनों की शादी 2008 में हुई थी। 4-5 सालों तक सब ठीक था। इसके बाद उसके पति शराब पीकर मारपीट व छोटी-छोटी बातों पर विवाद करता था। इससे वह काफी दिनों से परेशान थी। एक सप्ताह पूर्व उर्मिला पति के साथ अपने मायके आई थी। दोनों को समझाबुझा कर वापस भेज दिया गया था। 28 मई को उर्मिला के बेटा ने नाना को फोन कर जानकारी दी की मां आग लगा ली है। सूचना पर परिजन बैकुंठपुर अस्पताल पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मृतका के पति का कहना है कि घटना दिवस वह गुस्से में आकर आग लगा ली थी।

# बलरामपुर जिले में हुए दोहरे हत्याकांड के मामले में करंट से मौत की हुई पुष्टि



» **कयासों के बीच पुलिस जांच की दिशा बदली**

» **संदिग्धों को हिरासत में लेकर हो रही पुछताछ**

**- संवाददाता -**
**बलरामपुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिला मुख्यालय के लगे डूमरखी जंगल में बलरामपुर निवासी मोबाइल दुकान संचालक

सोनी 25 वर्ष और ग्राम दहेजवार चांदो रोड निवासी किरण कासी की हुए हत्या के मामले में शार्ट पीएम में बिजली करंट से मौत की पुष्टि हुई है। मगर यह घटना किन परिस्थितियों में हुई यह स्पष्ट नहीं हो सका है। किसी ने करंट लगा दोनो की हत्या की अथवा जंगली जानवरों के शिकार के लिए बिछाए गए नंगे तार के संपर्क में आने से उनकी मौत हुई यह जांच का विषय बना हुआ है ।बलरामपुर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि सुजीत सोनी और किरण कासी की करंट से मौत होने

मामला प्रकाश में आने के साथ ही पुलिस के द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। करंट से मौत की पुष्टि होने पर अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवतः ग्रामीणों द्वारा जंगली जानवरों के शिकार के लिए जंगल में करंट लगाया गया होगा। उन्होंने बताया कि पुलिस के द्वारा संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शीघ्र मामले का खुलासा किया जाएगा। विदित हो कि जंगल में सुजीत सोनी और किरण कासी का संदिग्ध शव मिलने से लोगों के द्वारा कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। लाठी-डंडे से पिटाई कर हत्या करते हुए शवों को जलाने का अनुमान लगाया जा रहा था मगर शॉर्ट पीएम ने अब जांच की दिशा मोड़ दी है। करंट से मौत की पुष्टि होने पर अब यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर किन

# निरंतर मेहनत ही सफलता का है मूलमंत्र : एसपी

» **सरगुजा पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित...**

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा पुलिस द्वारा बुधवार को रक्षित केन्द्र में कार्यक्रम आयोजित कर बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि के रूप में एसपी विजय अग्रवाल रहे। वहीं साइकोलॉजिस्ट डॉ. सुमन कुमार की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं एवं उनके परिजन को मानसिक तनाव की स्थिति से दूर करने के लिए समझाइश दी गई। एसपी ने कार्यक्रम कों सम्बोधित करते हुए कहा कि जिले के प्रतिभावान् एवं होनहार बच्चों कों सम्मानित करना सरगुजा पुलिस के लिए



वीं बोर्ड की परीक्षाओं में अच्छे अंक लाकर जिले को गौरवान्वित किया है। छात्र-छात्राओं को अपना समय बेहतर कार्यों में समर्पित करने समझाइस दी गई एवं छात्र-छात्राओं के परिजनों को बच्चों की प्रतिभा पहचानने और उसे

आवश्यकता बताई गई। निरंतर मेहनत ही सफलता का मूलमंत्र है, सफलता त्वरित रूप से प्राप्त नहीं होती है। लगातार मेहनत आपके परिणाम बदल देते हैं। बच्चों एवं उनके परिजनों के बीच संवादहीनता की स्थिति मानसिक

परिवार के बीच लगातार संवाद बनाये रखें एवं बच्चों को अवसाद में जाने से रोके। इस दौरान प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी एवं रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत द्वारा छात्र छात्राओं कों कैरियर गाइडेन्स प्रदान कर विधिक अधिकारों से अवगत कराया गया,नाबालिग बालक बालिकाओं कों पोक्सो एक्ट एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी क़ानून की जानकारी दी गई, साथ ही छात्र छात्रों कों साइबर अपराध एवं उनके रोकथाम बताये गए, छात्र छात्राओं कों यातायात नियमो की जानकारी देकर जागरूक किया गया, जिले के होनहार एवं मेघावी बच्चों कों पुलिस परिवार के बच्चों एवं परिजनों के समक्ष सम्मान करने कर पुलिस परिवार भी उत्साहित रहे। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत,डॉ सुमन कुमार क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट,सहायक उप निरीक्षक संजय श्रीवास्तव,सहित काफी संख्या मे मेघावी छात्र छात्राओं एवं उनके पारिजन एवं पुलिस परिवार के बच्चे एवं

CMYK

# क्या पूर्व डीपीएम सहायक लेखापाल के साथ सीएमएचओ कार्यालय के बंद कमरें में बैठ जांच रिपोर्ट के दस्तावेजों को कालापीला करने में जुटे हुए है?

## सुरजपुर के स्वास्थ्य विभाग में प्रभारी डीपीएम बतौर कार्यरत प्रिंस जायसवाल को लेकर आखिर जांच करेगा कौन?

## डिग्री फर्जी,जाति प्रमाण-पत्र फर्जी का लग रहा आरोप,क्या शासन प्रशासन लेगा संज्ञान?

## बंद कमरें में पूरा काम बेहद गुप्त तरीके से किया जा रहा है ताकि विभाग के किसी भी कर्मचारी तक को इसकी भनक न लग सके:सूत्र

### फर्जी जाति प्रमाण-पत्र पर कर रहे नौकरी,यह भी है आरोप

प्रभारी डीपीएम सूरजपुर का जाति प्रमाण-पत्र भी फर्जी है यह भी आरोप लग रहा है। बताया जा रहा है की वह पिछड़ा वर्ग समाज से होने का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जबकि उनका जाति प्रमाण-पत्र फर्जी है। अब जाति प्रमाण-पत्र मामले में भी जांच की आवश्यकता है। वैसे सवाल यह भी है की क्या सभी नियम कायदे आम लोगों के लिए है। प्रभावशील के लिए अपराध की कोई सजा नहीं यदि ऐसा नहीं है तो प्रभारी डीपीएम सूरजपुर के विरुद्ध हुई शिकायत जिसमे उनकी डिग्री फर्जी है वहीं उनका जाति प्रमाण पत्र फर्जी है इसकी जांच होनी चाहिए तभी लोगों का न्याय और प्रशासन शासन पर विश्वास जागेगा।


घटती घटना | अम्बिकापुर ,सोमवार 06 मई 2024 | 5
क्या मैन्यूअल टेंडर के लिए सीएमएचओ ने सीसीटीवी करवाया बंद?
कोरिया स्वास्थ्य के तत्कालीन डीपीएम आखिर क्या वजह है कि पूरा प्रभार नहीं देना चाहते?


घटती घटना | अम्बिकापुर ,शनिवार 11 मई 2024 | 5
कौन था सीजी 16 नंबर वाली इनोवा कार में जिससे मिलने कोरिया जिले का पूर्व डीपीएम पहुंचा संकल्प हॉस्पिटल अंबिकापुर?


घटती घटना | कोरिया-सूरजपुर -समाचार | अम्बिकापुर ,मंगलवार 28 मई 2024 | 5
डॉ प्रिंस जायसवाल की सुरजपुर एसपी से हुई शिकायत,शिकायतकर्ता ने कहा डॉक्टर प्रिंस जायसवाल की डिग्री फर्जी है एफआईआर दर्ज करें...

-ओंकार पाण्डेय-
कोरिया/सुरजपुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में अब भी पूर्व डीपीएम का जलवा बरकरार है,सूत्र बताते है कि रोजाना रात में सीएमएचओं कार्यालय में अपने खिलाफ हो रही जांच की रिपोर्ट सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम खुद बना रहे है,इसके लिए तमाम दस्तावेजों को कालापीला करने में सहायक लेखापाल को लेकर बंद कमरें में कलाकारी जारी है पूरा काम बेहद गुप्त तरीके से किया जा रहा है ताकि विभाग के किसी भी कर्मचारी तक को इसकी भनक नही लग सके।




कोरिया जिले के सीएमएचओ कार्यालय में बीते दो वर्षो में जमकर वित्तीय अनियमितताएं बरती गयी है, कई शिकायतों के बाद जिला प्रशासन के शह पर जांच में लिपापोती की जा रही है। सूत्रों की माने में सीएमएचओ कार्यालय में रात होने के बाद सीएमएचओं, सहायक लेखापाल और पूर्व डीपीएम की जुगलबंदी दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ में जुट जाते है,इसके लिए बाकायदा सीसीटीवी कैमरों को खराब करवा दिया गया था,घटती-घटना की खबर के बाद कुछ दिन पूर्व ही सीसीटीवी कैमरों को दुरूस्त करवाया गया है। वहीं सूत्र यह भी बताते है कि मुख्यमत्री के यहां से आई जांच निर्देश के बाद कांग्रेस के समय के खास अधिकारी को जांच अधिकारी बनवाकर जांच प्रतिवेदन खुद सीएमएचओ और पूर्व डीपीएम के द्वारा बनवाया जा रहा है। ताकि पूरी अनियमितताओं में पाक साफ निकल सके। पूरा खेल आचार संहिता का फायदा उठाकर किया जा रहा है।

### नए डीपीएम की खबर प्लांट करवा रहा पूर्व डीपीएम

कोरबा से आकर कोरिया जिले में पदस्थ हुए नवपदस्थ डीपीएम अपनी की कार में आना जाना करते है, और सरकारी खर्च के वाहनों का दुरूपयोग अभी तक करते नहीं देखे गए है,2017 में पूर्व डीपीएम की शिकायत हुई थी कि मीडिया में विभाग की खबरें स्वयं देते है और शासन के खिलाफ खबर लगवाया करते है,सूत्र बता रहे है कि वे अभी नए डीपीएम के खिलाफ खबरें प्रकाशित करवा रहे है कि वो फील्ड में रहते है,डीपीएम का पद ही फील्ड में रह कर केन्द्र की योजनाओं का बेहतर क्रियांनवयन करवाना है,जिले के लिए अच्छी बात है डीपीएम फील्ड में तो है। पूरा जिला जानता है कि पूर्व डीपीएम तो सिर्फ कलेक्टर की चमचागिरी में व्यस्त रहते थे,बॉस को आयुवेर्दिक से लेकर होमियोपेथी दवाओं को लेकर दिलाने और कलेक्टर कार्यालय के चक्कर लगाने को अपनी कर्तव्यनिष्ठा बताया करते थे,कोरिया में मीडिया का एक समूह उनके इस चमचागिरी का कायल रहा है। वैसे स्वास्थ्य विभाग में ही कार्यरत स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार लोगों की माने तो नव पदस्थ प्रभारी डीपीएम काफी कर्तव्यनिष्ठ हैं और विभाग के लोग उनकी कार्यप्रणाली से काफी प्रसन्न हैं और प्रेरित भी हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के ही लोगों की माने तो वर्तमान में पदस्थ प्रभारी डीपीएम ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं और क्षेत्र में वह लगातार दौरा कर रहे हैं। वैसे उनके खिलाफ समाचार का प्रकाशन कराने का काम करने वाले पूर्व डीपीएम को लेकर भी स्वास्थ्य महकमा कोरिया जिला दबी जबान से यही कह रहा है की जो अपने विभाग का को बदनाम करता चला आया हो और जो जिले में कार्यरत रहते हुए स्वास्थ्य विभाग के लोगों के बीच पीठ पीछे दुत्कार का ही भागी बना रहा हो वह किसी की समीक्षा करेगा यह उचित नहीं। वैसे पूर्व डीपीएम स्वास्थ्य विभाग कोरिया को अभी भी विभीषण जैसी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं दूर रहकर भी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था कैसे दूषित हो यह प्रयास कर रहे हैं यह स्वास्थ्य विभाग के लोगों का ही कहना है और उन्हे घृणित मानसिकता का लोग बता रहे हैं।

### क्या फर्जी डिग्री की होगी जांच?

प्रभारी डीपीएम सुरजपुर की डिग्री फर्जी है यह शिकायत बैकुंठपुर के सामाजिक कार्यकर्ता ने की है। अब यदि यह सही है या सही नहीं भी है तो क्या इसकी जांच होगी। वैसे जानकारों का कहना है की डिग्री मामले में झोलझाल है इसलिए ही सूरजपुर के प्रभारी डीपीएम पुनः कोरिया जिले वापसी चाहते हैं क्योंकि वह यहां अपने विरुद्ध शिकायतों को जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से संबंध के बल पर दबा ले जाते हैं। वैसे प्रभारी डीपीएम की डिग्री पर यदि प्रश्न खड़ा हुआ है तो अवश्य ही जांच होनी चाहिए। प्रभारी डीपीएम सूरजपुर दुनिया को भ्रष्टाचारी बताने में जब भिड़े हुए हैं तो वह भ्रष्टाचारी नहीं हैं उनकी डिग्री सही है यह उन्हे स्वयं जांच करवाने में मदद करनी चाहिए।

### प्रभारी डीपीएम सूरजपुर के नर्सिंग कॉलेज में भी है भारी अनियमितता...जांच की है आवश्यकता

प्रभारी डीपीएम सूरजपुर के द्वारा कोरिया जिले के स्वास्थ्य विभाग में सेंध लगाकर कोरिया जिले में ही नर्सिंग कॉलेज का संचालन किया जा रहा है जो उनका निजी नर्सिंग कॉलेज है जिसे वह पिछले दरवाजे से संचालित करते हैं। उनके नर्सिंग कॉलेज को लेकर भी कई शिकायत हुई है की वह अनियमितता की बड़ी मिशाल है और वहां नियम-कायदों को किनारे करते हुए नर्सिंग कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। अब नर्सिंग कॉलेज में अनियमितता किन-किन मामलों में है और क्या कमियां हैं जिसके बावजूद वह संचालित है की जांच आवश्यक है वरना इस मामले में भी शासन-प्रशासन पर अनदेखी और पक्षपात का आरोप लगता रहेगा।

## सरगुजा संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 22 जून से

### कोरिया जिला शतरंज संघ के बैठक में लिए गये महत्वपूर्ण निर्णय

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।

बैकुन्ठपुर कोरिया जिला शतरंज संघ बैकुन्ठपुर की महत्वपूर्ण बैठक किड्स वर्ल्ड हाई स्कूल प्रांगण हर्रापारा में आयोजित की गई,कोरिया जिला शतरंज संघ बैकुन्ठपुर के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के प्रथम बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि जिला शतरंज संघ के नेतृत्व में स्कूलों में निःशुल्क शतरंज कोचिंग प्रारंभ किया जावेगा,साथ ही आगामी अक्टूबर माह में भव्य इंटरनेशनल रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता आयोजित करने की दिशा में प्रयास किया जावेगा,प्रतिमाह जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णया लिया गया संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दिया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश संघ एवं छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में सरगुजा शतरंज संघ अम्बिकापुर के द्वारा 22 से 23 जून तक अम्बिकापुर में संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है यह प्रतियोगिता चार वर्ग सीनियर,अन्डर 19 आयु समूह बालक एवं बालिका ,अन्डर 15 आयु समूह बालक एवं बालिका, अन्डर 9 आयु समूह बालक एवं बालिका वर्ग,इस प्रतियोगिता में लगभग चालीस हजार के नगद पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान किए जायेंगे विभिन्न आयु वर्ग में खेलने के



इच्छुक खिलाड़ियों को अपने जन्मप्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ में लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में अन्डर 19 से नीचे आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए प्रवेश शुल्क 50 रूपये तथा सीनियर वर्ग में खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए 300 रूपयें निर्धारित है साथ ही अम्बिकापुर के बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के खाने एवं ठहरने की सुविधा निःशुल्क रहेगी तथा आने जाने का किराया टिकट प्रस्तुत करने पर भुगतान किया जावेगा। बैठक में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष रूपनारायण पाण्डेय, शिवहरी देवांगन महासचिव अब्दुल शमीम कुरेशी,सचिव डा विजय कुमार जांगड़े,कोषाध्यक्ष आनंद कुमार तिवारी,सहसचिव अजय गुप्ता,संगठन उपाध्यक्ष डॉ गौरवकांत बड़ेरिया,कार्यकारिणी सदस्य कुमारी अंजुम उपस्थित रही।

## चार दिन से गांव में छाया था अंधेरा, विधायक रेणुका के निर्देश पर हुआ उजाला

-संवाददाता-
कोरिया/सोनहत,29 मई 2024 (घटती-घटना)।



विख सोनहत अन्तर्गत ग्राम पंचायत केशगवां के जामपारा में पिछले चार दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने से पुरे गांव में अंधेरा छा गया था,जिससे ग्रामीणों को नवतपा के गर्मी से भारी परेशानी हो रहा था, तथा रात के अंधेरे में ग्रामीण भारी परेशान थे। जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा भाजपा नेता मनोज साहू व रमेश तिवारी को जानकारी दिया गया था, जिसपर भाजपा नेता मनोज ने क्षेत्रीय विधायक रेणुका सिंह को फोन लगाकर जानकारी देते हुए समस्या से अवगत कराया जिसके बाद विधायक ने तत्काल ट्रांसफार्मर लगाने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था। जिसके बाद बिजली विभाग ने मामले की गंभीरता को समझते हुए वहां ट्रांसफार्मर भेजवा कर ग्रामीणों की सहयोग से बिजली विभाग के कर्मचारियों ने भरी दोपहर में ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या का सामाधान किया। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों में भारी खुशी है व क्षेत्रीय विधायक के सक्रियता पर आभार जताया है। जानकारी के मुताबिक़ भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह वर्तमान में झारखंड में लोकसभा चुनाव में पार्टी के पक्ष में जोर शोर से प्रचार प्रसार में व्यस्त हैं, दुसरे राज्य में व्यस्त होने के बावजूद भी अपने करिबी कार्यकर्ताओं से लगातार क्षेत्र के विषयों को गंभीरता से विचार कर रही है व समस्या की जानकारी होते ही अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं को दूर कर रही है।

## जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

-संवाददाता-
चिरमिरी,29 मई 2024 (घटती-घटना)।

देश के प्रथम प्रधान मंत्री भारत रत्न , स्व.जवाहर लाल नेहरू जी की पुण्य तिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी एम सी बी के द्वारा संगत भवन चिरमिरी में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनके द्वारा भारतीय राष्ट्रीय आंदोलनों एवं स्वतंत्र भारत में प्रधानमंत्री के रूप में दिए गए योगदान को याद कर उनके छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई,जिला कांग्रेस कमेटी एम सी बी के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुवे कहा की देश के प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की । उन्होंने कम संसाधन में देश के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को ध्यान में रखते हुवे योजना आयोग का गठन किया,



उन्होंने देश की तरक्की के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को निरंतर प्रोत्साहित किया और लगातार तीन बार पंचवर्षीय योजनाओं का शुभारंभ किया। पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों के कारण देश में कृषि और उद्योग का एक नया युग शुरु हुआ।उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी के रूप में देश की आजादी के लिए विभिन्न आंदोलनों में सक्रियता से भाग लेकर देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई,इस अवसर पर प्रमुख रूप से अशोक श्रीवास्तव,शंकर राव,गुरुवेज सिंह, निसार अहमद, उदय सिंह,बलदेव दास,मंजीत सिंह,शिव नारायण राव,सैफ नियाजी,प्रदीप प्रधान, शोएब,रमजान खान, कामेश्वर सिंह,ओ पी प्रीतम,गोपाल द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव,अब्दुल सलीम, रमेश कश्यप,सोमनाथ दत्ता,प्रभात मिश्रा,प्रभाष राय,बिलाल अंसारी, शिवराम बेहरा,अशोक पटेल, मोहसिन,जहांगीर अंसारी ,बाबू शर्मा एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## अवैध रूप से खरीदा गया 45 बोरा चावल व 92 किलो चना जब्त

-संवाददाता-
सूरजपुर,29 मई 2024 (घटती-घटना)।

सूरजपुर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित चावल एवं चना की अवैध खरीदी बिक्री की सूचना पर पहुंची खाद्य विभाग की टीम ने एक दुकानदार के यहां छापा मारकर 45 बोरी चावल व 92 किलो चना जब्त किया है। खाद्य विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मेसर्स रामानुग्रह उपाध्याय बाजार गली सूरजपुर के यहां छापा मारा तो वहां पीडीएस का 45 बोरा चावल व 92 किलो चना बरामद हुआ। इस संबंध में खाद्य विभाग की टीम ने उक्त दुकानदार से पूछताछ की तो उसने बताया कि चावल एवं चना राशनकार्डधारियों से फुटकर खरीदी कर जमा किया हूं। जिसके बाद



खाद्य विभाग की टीम ने व्यापारी रामानुग्रह उपाध्याय का कृत्य छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के विरुद्ध पाए जाने पर 45 बोरी चावल वजन 22.50 क्विंटल एवं चना 92 किलो जब्त कर लिया। जब्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 70 हजार 360 रूपये बताया गया है। इस कार्रवाई में खाद्य निरीक्षक नीतीश कुमार सूरजपुर एवं उनकी टीम शामिल रही।

## रेणुका सिंह की पहल पर दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में मोबाइल टावर लगाने प्रक्रिया प्रारंभ

### भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र के 6 स्थानो पर होंगे मोबाइल टावर स्थापित


संवाददाता-
मनेन्द्रगढ,29 मई 2024 (घटती-घटना)।

नेटवर्क विहीन गांवों को डिजिटल इंडिया से जोड़ने की शुरुआत भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्ज गांवों से हुई है। विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्र की जनता से विधायक रेणुका सिंह ने जो वादा किया था वह अब धीरे धीरे पूरा हो रहा है। पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह की पहल पर क्षेत्र के दूरस्थ इलाकों मे दूरसंचार की सुविधा हेतु मोबाइल टावर लगाने स्वीकृति मिल गई है। छत्तीसगढ़ सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के मट्टा, नेऊर, दहियाडांड़, दर्रीटोला,गधौरा और आमादमक मे मोबाइल टावर स्थापना हेतु कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में संचार सुविधा न होने के कारण स्थानीय नागरिकों को कई शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। गत विधानसभा चुनाव में मोबाइल नेटवर्क एक बड़ा चुनावी मुद्दा बना था तब ग्रामीणों ने क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क के लिए मोबाइल टावर लगाने की मांग की थी। अब विधायक रेणुका सिंह की पहल पर भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा मोबाइल टावरों के स्थापना हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। मोबाइल टावर स्थापना हेतु कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर द्वारा विकासखंड भरतपुर के मट्टा, नेउर, गधौरा व विकास खंड मनेन्द्रगढ़ के दहियाडांड़, दर्रीटोला, आमादमक में भूमि आबंटित कर दी गई है। दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में मोबाइल टावर के स्थापना से नेटवर्क की समस्या से निजात मिल सकेगा।इसके साथ ही सरकारी दफ्तरों मे आनलाइन इंट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होते थे उसमें भी अब आसानी होगी।

जल्द ही रामगढ़ क्षेत्रों में भी लगेंगे टॉवर- पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने बताया कि सोनहत विकासखण्ड के रामगढ़ इलाके के एक दर्जन से ज्यादा गांव अब भी मोबाइल नेटवर्क विहीन है इन गांवों में भी जल्द ही मोबाइल टॉवर लगाया जाएगा। रेणुका सिंह ने बताया कि बीते दिनों उन्होंने रामगढ़ इलाके के कई गांवों में जनसंपर्क किया जहा सबसे बड़ी समस्या मोबाइल नेटवर्क न होने की आई। क्षेत्र के परिजनों द्वारा बताया गया कि मोबाइल नेटवर्क



न होने से उन्हें राशन से लेकर कई सरकारी दस्तावेजों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। रेणुका सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए मेरे द्वारा सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से पत्राचार कर जल्द ही क्षेत्र में मोबाइल टॉवर लगाया जाएगा।


कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)

क्रमांक /7834/रीडर/2024 मनेन्द्रगढ़, दिनांक 27/05/2024

"अनापत्ति/कार्यानुमति आदेश"

भारत संचार निगम लिमिटेड के पत्र क्रमांक DGM-AMB/AGM-CM/USO/Uncovered Villeges/ 2022-23/37, अम्बिकापुर, दिनांक - 10.01.2024 ...

| क्र. | ग्राम पंचायत | ग्राम | Village code | खसरा | रकबा (हेक्टेयर) | भूमि का प्रकार | Final Latitude | Final Longitude |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Matta | Matta | 431267 | 175 | 0.02 | [illegible] | 23.52056 | 81.18543 |
| 2 | Neur | Neur | 431342 | 1 | 0.02 | [illegible] | 23.83576 | 82.18885 |
| 3 | Dahiyadand | Dahiyadand | 431631 | 87 | 0.02 | [illegible] | 23.498219 | 82.076728 |
| 4 | Darritola | Darritola | 431246 | 138 | 0.02 | [illegible] | 23.529941 | 81.680124 |
| 5 | Gadhaura | Gadhaura | 431247 | 844 | 0.02 | [illegible] | 23.546732 | 81.709276 |
| 6 | Amadamak | Amadamak | 431617 | 44 | 0.02 | [illegible] | 23.456707 | 82.032901 |

... DGM-AMB/AGM-CM/USO/Uncovered Villeges/2022-23/37, अम्बिकापुर, दिनांक - 10.01.2024 ... कार्य प्रारंभ किया जा सकता है।

कलेक्टर
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

क्रमांक /7835/रीडर/2024 मनेन्द्रगढ़, दिनांक 27/05/2024
प्रतिलिपि :
1. मुख्य महाप्रबंधक बीएसएनएल रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. अवर सचिव, इले.एवं सू.प्रौ. विभाग की ओर सादर सूचनार्थ।
3. अनुविभागीय दण्डाधिकारी, भरतपुर जिला-एम.सी.बी (छ0ग0) की ओर सूचनार्थ।

कलेक्टर
जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर

**लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान झारखंड में बजा सरगुजा का डंका,जामताड़ा के प्रवासी प्रभारी जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने सीता सोरेन के जीत का किया दावा...**

# झारखंड में भाजपा को जीत दिलाने के लिए छग के स्वास्थ्य मंत्री,महिला बाल विकास मंत्री व सूरजपुर के जिलाध्यक्ष भीषण गर्मी में जी तोड़ मेहनत कर रहे...

## देश मे तीसरी बार फिर से बनेगी मोदी की सरकार भाजपा नेताओं का दवा





-ओंकार पांडेय-
सुरजपुर/कोरिया,29 मई 2024
(घटती-घटना)।

झारखंड में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण में 1 जून को मतदान होना है। जिसे लेकर प्रचार अभियान अपने शबाब पर है। भाजपा सधी हुई रणनीति के तहत प्रचार अभियान को गति दे रही है। जिससे विपक्षी पार्टियों को प्रचंड गर्मी पसीना बहाना पड़ रहा है। भाजपा के प्रचार अभियान में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता लगातार 20 दिनों से झारखंड में डेरा डाले हुए है। सरगुजा लोकसभा क्षेत्र के कोरिया से सूरजपुर जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल अपनी टीम के साथ इस प्रचंड गर्मी में झारखंड राज्य के बंगाल की सीमा पर स्थित जामताड़ा की कमान संभाले हुए है। विगत दिनों अपने प्रवासी विधानसभा के जिला मुख्यालय जामताड़ा में देश के गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को भी बखूबी संपन्न कराया। इस पूर्व में कोरिया जिले के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े सूरजपुर जिले की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी झारखंड राज्य के कई लोकसभा सिट में जीत दिलाने कमान संभाल चुके है। इसके साथ ही श्री अग्रवाल वहां के स्थानीय व्यापारी संगठन, श्री गौशाला समिति, चेंबर ऑफ कॉमर्स, अखिल भारती मारवाड़ी महिला शाखा, युवा मंच, फल, फुल-सब्जी विक्रेता,स्ट्रीट वेंडर,बैग, पांडा,पुजारी,नाई,मोची,धोबी, आदिवासी समाज,ओबीसी समाज,बंगाली समाज, अग्रवाल समाज,अल्पसंख्यक वर्ग,जैन धर्म सहित विभिन्न धर्म के सामाजिक लोगों के साथ बैठकें कर पार्टी के काम में लगाने का कार्य किया है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के जनकल्याण के कामो से उन्हें अवगत कराया और बताया कि कैसे विकसित भारत के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना आवश्यक है।

### छत्तीसगढ़ सीएम साय ने भी किया झारखंड में धुआंधार दौरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी झारखंड प्रदेश के विभिन्न लोकसभाओं मैं सांसद प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल कराने से लेकर झारखंड प्रदेश के अंतर्गत आने वाले विभिन्न लोकसभा में धुआंधार रैली कर तीसरी बार फिर से मोदी जी की सरकार बनाने के लिए दर्जनों बड़ी-बड़ी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहां की विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी झारखंड वासियों से भारतीय जनता पार्टी के कमल फूल छाप मैं झारम-झार बटन दबाकर झारखंड से 14 के 14 कमल फूल दिल्ली भेज कर मोदी जी को आशीर्वाद देने की अपील किया है।

### इन स्थानों में किया दर्शन....मांगा आशीर्वाद

सूरजपुर भाजपा जिला अध्यक्ष व झारखंड जामताड़ा के प्रवासी प्रभारी बाबूलाल अग्रवाल ने अपने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के दरमियान क्षेत्र के आसपास मौजूद दर्शनीय स्थलों में प्रमुख 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैजनाथ धाम, बाबा बासुकीनाथ, 54 शक्तिपीठों में से एक मां तारापीठ मंदिर, मां चंचल देवी, श्री रक्षा कली मंदिर राजबड़ी, मां मौलिक्षा देवी, एक चक्र मंदिर, जगन्नाथ मंदिर, इस्कॉन टेंपल, नित्यानंद प्रभु की जन्मस्थली सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों मैं भी माता टेकर दुमका लोक सभा कि भाजपा प्रत्याशी बहन सीता सोरेन के विजय होने के साथ-साथ मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का आशीर्वाद मांगा है।

### कार्यकर्ता की पीठ थपथपा रहे नेता

यहां यह भी गौरतलब है कि बाबूलाल अग्रवाल वह शख्स है जो सरगुजा में चुनाव संचालन के लिए जाने जाते है। इसके लिए उनका लम्बा अनुभव है। वे कई विधानसभा व लोकसभा चुनाव में संचालन कर पार्टी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। वे कार्यकर्ताओं से इस कदर घुल मिल जाते है कि कार्यकर्ता अपने गिले शिकवे भूल कर पार्टी के काम मे लग जाता है। अचानक बूथ स्तर पर कार्यकर्ता के निवास पर पहुंचकर चाय-पानी व भोजन करना फिर उनके साथ बस्ती में रहने वाले बुजुर्गों से मिलकर मोदी जी के लिए आशीर्वाद मांगना और फिर अंत में कार्यकर्ता की पीठ थपथपा कर निकल जाना उनकी कार्यशैली में शुमार है। जो कार्यकर्ताओ को बेहद भाता है। इसके साथ ही जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल व बूथ अध्यक्षों सहित सहित पार्टी के निर्वाचित सभी जनप्रतिनिधियों सहित पूर्व पार्टी पदाधिकारी एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों को भी अपने छत्तीसगढ़ी अंदाज में मास्टर प्लान के साथ दुमका लोकसभा की प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में कार्य करने के काम मे लगाया है ताकि विजय हासिल किया जा सके। जामताड़ा विधानसभा के सात मंडलों के विभिन्न 86 शक्ति केंद्र के अंतर्गत आने वाले 366 बूथो में लगातार 20 दिनों तक स्वयं प्रवास करने के साथ-साथ उनके साथ लगातार 20 दिनों से साथ रह रहे विश्वसनीय सहयोगी सूरजपुर जिले के भाजपा के सह जिला मीडिया प्रभारी व युवा मोर्चा के जिला मंत्री संस्कार अग्रवाल के साथ मौजूद उनकी एक्सटर्नल टीम को भी सक्रिय कर रखा है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री व झारखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, रांची सांसद संजय सेठ, गोड्डा विधायक अमित मंडल, वरिष्ठ भाजपा नेता कुणाल अजमानी लगातार इस प्रवास पर उनका मार्गदर्शन, दिशा-निर्देश व सहयोग कर रहे हैं। तो वही महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े,सरगुजा विधायक राजेश अग्रवाल, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, वैशाली नगर विधायक ऋषिकेश सेन भी उनके साथ अलग-अलग विधानसभाओं के प्रवासी प्रभारी के तौर मौजूद है।

## विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का दिया गया संदेश

-संवाददाता-
कोरबा,29 मई 2024
(घटती-घटना)।



विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिले की ग्राम पंचायतों में महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता सम्बन्धी कार्यक्रमों का आयोजन करके विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया द्य कलेक्टर श्री वसंत एवं सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा ने हथेली में लाल निशान बनाकर मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन का दिया संदेश । जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत बाता में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और राष्ट्रीय आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीण महिलाओं को मासिक धर्म और स्वच्छता की जानकारी दी। ग्राम पंचायत ढेलवाडीह के पंचायत भवन में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ कटघोरा यशपाल सिंह ,जनपद सदस्य श्रीमती राधिका साहू, सरपंच श्रीमती अमिता कंवर, बीपीएम एन आर एल एम अमरनाथ तारम,ब्लॉक कॉर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन, पंचयत सचिव पवन गुप्ता,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,रोजगार सहायक श्रीमती वसुंधरा चौहान, शत्रुघन, पी आर पी व सी आर पी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी । जनपद पंचायत सीईओ,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी श्रीमती बंजारे व सरपंच ढेलवाडीह श्रीमती अमिता कंवर के द्वारा विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर माहवारी के दौरान आने वाली समस्या व सेनेटरी नेपकिन के संवर्धन पर परिचर्चा की । कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को सरपंच श्रीमती कंवर के द्वारा निःशुल्क सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ढेलवाडीह उरगा, बिरदा तुमान, महुआडीह, बाता ग्राम पंचायत दोंदरो के बेलाकछार, जनपद पंचायत पाली, पोडी उपरोडा में स्व सहायता समूह की सदस्यों तथा ग्रामीण महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गये।

## कर्ज देकर मोटी रकम वसूलने वाला सूदखोर गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,29 मई 2024
(घटती-घटना)।



जैसे जैसे लोगों के सौख बढ़ते जा रहे है वैसे वैसे सुधखोरो के वारे न्यारे होने लगे है । लोग आज आपने सौख को पूरा करने के लिए सुधखोरों से उधार पर रुपए ले लेते है जिसका फायदा उठाते हुए सुध में रुपए देने वाले लोगों द्वारा मोटे ब्याज के नाम पर खूब शोषण किया जा रहा है । ऐसा एक सुध में रुपए देने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है जो लोगों को कर्ज देकर उसके एवज में मोटी रकम ब्याज के तौर पर वसूलता था । बताया गया के आरोपी द्वारा कई सरकारी कर्मचारियों को भी अपने झांसे में लिया गया है । मामला मानिकपुर थाना क्षेत्र का जहां सूदखोर इरफान कुरैशी उर्फ मोनू नमक व्यक्ति द्वारा लोगों को ब्याज में पैसा उधार देने के नाम पर मोटी रकम ब्याज के नाम पर वसूलता था,जो कुछ दिन पूर्व ही जमानत में छूटकर भी आया था जिसके नाम से पूर्व में भी अपराध दर्ज है । बताया जा रहा है के इरफान कुरैशी उर्फ मोनू बड़े पैमाने पर सूदखोरी का अवैध कारोबार कर रहा था । वह लोगों को जरुरत के हिसाब से कर्ज पर पैसे देता था और उसके एवज में कई गुना मोटी रकम वसूला करता था । कर्ज देने के वक्त वह एटीएम, पासबुक और चेक रख लेता था ताकि उसकी वसूली समय पर हो सके । इरफान खान के झांसे में कई सरकारी कर्मचारी और अन्य लोग भी आ चुके हैं । मामले में शिकायत होने पर मानिकपुर पुलिस ने इरफान खान को बिलासपुर से गिरफ्तार किया है । जिसके पास से 29 से अधिक एटीएम कार्ड, कई पासबुक, चेक, आधार कार्ड के साथ ही अन्य सामानों की जब्ती बनाई गई है । आपको बता दें कि इरफान के खिलाफ कुसमुंडा थाना में भी सूदखोरी का मामला दर्ज है । जिसके बाद उसे जेल के हवा खानी पड़ी थी । जेल से बाहर आने के बाद उसने फिर से लोगों को परेशान करना शुरु कर दिया था । बताया जा रहा है कि सूदखोरी से कमाए पैसों से इरफान ने अकूत संपत्ति जमा कर रखी है, जिसे शायद भविष्य में कुर्क भी किया जा सकता है । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान ने बताया कि आरोपी इरफान खान के खिलाफ कुसमुंडा थाने में इससे पहले शिकायत की गई थी , जहां कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया था । आरोपी कुछ दिन पहले ही जमानत पर छूट कर आया और फिर से अपनी गतिविधियों में लिप्त हो गया । मानिकपुर चौकी में शिकायत मिलने पर उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है । जिसके के पास से 29 एटीएम, चेक बुक और बैंक के खाते के अलावा 12 एग्रीमेंट पेपर जब्त किया गया है । बहरहाल, पुलिस इरफान के खिलाफ कर्जा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया एवं कोर्ट से आरोपी को जेल भेज दिया गया है ।

## निर्माणाधीन तालाबों के कार्य मानसून से पहले पूरा करें:महापौर



-संवाददाता-
कोरबा,29 मई 2024
(घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रान्तर्गत वार्ड 01 रामसागर तालाब वार्ड क्र-18 पथर्रीपारा तालाब,वार्ड क्र.-33 रामपुर तालाब एवं वार्ड क्र.11 बनिया तालाब के विकास एवं संरक्षण कार्य हेतु 102.40 लाख की अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण निधि से निगम को स्वीकृति मिली थी, इसमें वार्ड क्र.01, 18 एवं 33 के तालाबों के प्रगतिरत कार्य का निरीक्षण महापौर राजकिशोर प्रसाद द्वारा किया गया। वार्ड वासियों ने बताया कि तालाब के विकास का कार्य यदि जल्द से जल्द पूरा कर लिया जावेगा तो वहाँ के लोगों को इसका उपयोग करते बनेगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त तीनों तालाबों के बचे हुए कार्य शीघ्रता शीघ्र पूरा करें ताकि वहां के निवासियों को निस्तारी के लिए इसका लाभ मिल सके। कार्य के दौरान कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु विशेष रूप से निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान महापौर राजकिशोर प्रसाद के साथ मेयर इन काउंसिल के निर्माण विभाग के सदस्य संतोष राठौर, एम.आई.सी. सदस्य एवं वार्ड क्र. 33 के पार्षद पालूराम साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश राठौर, सीमा उपाध्याय, सुनील निर्मलकर, आशाकर्ष, रमेश वर्मा, हर्षवर्धन, अनील साहू, कमलेश महंत, लाल चन्द्र साहू, अर्जुन नेताम, दिनेश जायसवाल, दीपक दास, ओमप्रकाश दुबे, विनोद तिवारी, बाल महाराज, आशीष कुमार, लक्की सिदार, मनीष नेताम, चिन्तामणी विश्वकर्मा, लव कर्ष, विनीत नेताम, विजय वैष्णव, रिंकु चन्द्रा, वेदराम विश्वकर्मा, सरस्वती सिदार, संतोषी सिदार आदि उपस्थित रहे।

## ओवरलोडिंग व मालवाहक वाहनों पर सवारी बैठाने पर करें कड़ी कार्यवाही:कलेक्टर श्री लंगेह

-संवाददाता-
कोरिया,29 मई 2024
(घटती-घटना)।

जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्टरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में परिवहन व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी हालत में ओवरलोड माल वाहनो/पिक अप, ओवरलोडिंग तथा ऐसे वाहनों में सवारी, श्रमिकों को लाने-छोड़ने वाले वाहन संचालक, वाहन चालक व ठेकेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। श्री लंगेह ने जनपद सीईओ व तहसीलदारों से कहा कि गांवों में इस तरह की शिकायत मिलने या देखने पर पटवारी, ग्राम सचिव, सरपंच से समन्वय करते हुए इसकी सूचना तत्काल सम्बंधित विभाग को दें ताकि ऐसे वाहनों व वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। उन्होंने बैकुंठपुर, सोनहत, पटना, पोड़ी बचरा, शिवपुर-चरचा के विभिन्न जगहों पर निरंतर चेक पॉइंट लगाने के साथ ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि लगातार इस कार्य की निगरानी रखें ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। कलेक्टर श्री लंगेह ने सभी वाहन मालिकों व चालको से अपील करते हुए कहा है कि वाहन बहुत ही सावधानी पूर्वक चलाएं ताकि किसी भी प्रकार की जानमाल की नुकसान से बचा जा सके।


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सूरजपुर, जिला-सूरजपुर**

क्रमांक 179 28/05/2024

**// उद्घोषणा//**

सर्व साधारण ग्रामवासी/ नगर वासी ग्राम/नगर अर्जुननगर प.ह.नं0- तहसील सूरजपुर जिला-सुरजपुर को सूचित किया जाता हैं, कि आवेदक शिवमन आ0 स्व0 दयाराम जाति बिक्षिया निवासी ग्राम-अर्जुननगर पोस्ट -जयनगर थाना जयनगर ,तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर (छ0ग0) ने अपने पिता स्व.दयाराम के मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया हैं,जिसमें कार्यवाही की जा रहीं हैं।

अतः इस न्यायालय में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/ आपत्ति/ आपेक्ष हो तो वे स्वये अथवा अपने अभिभावक द्वारा इस न्यायालय में दिनांक 13/06/2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति /आपेक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा/ आपत्ति /आपेक्ष पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

सील — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सूरजपुर, जिला- सूरजपुर(छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202405020700214**

विषयः-ब-121 मामले श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-2024

अंबिकापुर प.ह.न.00015(हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-शफी अहमद
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासन

**ईश्तहार**

आवेदक शफी अहमद खान आ0 हाजी अब्दुल वहीद खान निवासी मोमिनपुरा अंबिकापुर ,तहसील अंबिकापुर जिला-सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा ग्राम अंबिकापुर स्थित कुल खसरा नं0 23 कुल रकबा 1.354 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पत्र किया गया हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/06/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क0/अ-2/2023-24
ग्राम -रामानुजनगर,तह0-रामानुजनगर

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत रामानुजनगर को सूचित किया जाता है। आवेदक सुधीर कुमार आ0 विधन जाति रजवार निवासी ग्राम रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि ग्राम-रामानुजनगर प0ह0नं0-22 रा0नि0मं0 तहसील-रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर,छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्रमांक 133/3 रकबा 0.0200 हे0 को कृषि प्रयोजन से आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन-पत्र के साथ अधिकार अभिलेख व, रजिस्ट्री की छायाप्रति, ग्राम पंचायत रामानुजनगर का अन्नापति प्रमाण पत्र, बी-1,खसरा,नक्शा, छायाप्रति तथा रिनम्बरिंग सूची प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधि प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 25/06/2024 का न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/05/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रामानुजनगर,सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202405020700159**

विषयः-ब-121 मामले श्रेणीः-राजस्व सन्ः-2023-2024

मणीपुर प.ह.न.00022(हे0)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-संगीता अग्रवाल,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0शासन

**ईश्तहार**

आवेदिका संगीता अग्रवाल पति राकेश अग्रवाल निवासी ग्राम-मणीपुर तहसील अंबिकापुर जिला-सरगुजा (छ0ग0 ) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं कि आवेदिका के स्वामित्व एवं अधिपत्य की ग्राम मणीपुर स्थित खसरा नं0 504/18 रकबा 0.052 हे0 भूमि को संयूक्त रूप से पंजीबद्ध विक्रयपत्र के माध्यम से क्रय किया गया हैं जिसका नामांतरण आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर हो चुका हैं किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेखों आनलाईन बी-1 में आवेदिका का नाम श्रुटिवश छूट गया हैं आवेदिका द्वारा उक्त भूमि पर अपना नाम दर्ज कर त्रुटि सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया हैं जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19/06/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार अंबिकापुर

# टीम इंडिया को करना होगा पाकिस्तान का दौरा

**टीम इंडिया का पाकिस्तान जाना सरकार के फैसले पर निर्भर करेगा...हालांकि, बावजूद पाकिस्तान किसी भी तरह के प्लान बी की तरफ नहीं देख रहा...**

**नई दिल्ली,29 मई 2024।** चैंपियंस ट्रॉपी 2025 पर बीसीसीआई और पीसीबी के बीच लटकी तलवार हटने का नाम ही नहीं ले रही है। टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन अगर मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो टीम इंडिया पाकिस्तान का दौरान नहीं करेगी। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा है टीम इंडिया उनकी मेजबानी में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आएगी।

इस महीने की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का पाकिस्तान जाना सरकार के फैसले पर निर्भर करेगा। हालांकि, बावजूद पाकिस्तान किसी भी तरह के प्लान बी की तरफ नहीं देख रहा है। जैसे 2023 में खेला गया एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में हुआ था। पाकिस्तान उस तरह का कोई प्लान नहीं बना रहा है। बता दें कि, एशिया कप 2023 की मेजाबनी भी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरान नहीं किया था। टीम इंडिया के इंकार के बाद एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल के तहत करवाया गया था। भारतीय टीम



ने टूर्नामेंट के सभी मैच श्रीलंका की मेजबानी में खेले थे, इसके अलावा एशिया कप के नॉकआउट मैच भी श्रीलंका में ही खेले गए थे।

वहीं एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी किसी भई तरह के प्लान बी की तैयारी नहीं कर रहा है। पाकिस्तान बोर्ड इसी बात की उम्मीद लगाए हुए है कि टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाक बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को अपनाने से इनकार किया है।

साथ ही रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि, पाकिस्तान बोर्ड किसी दूसरे देश के साथ हाइब्रिड मॉडल को लेकर भी बात नहीं कर रहा है, जिससे भारतीय टीम कहीं और टूर्नामेंट के मैच खेल सके, जैसे एशिया कप 2023 में हुआ था। पाकिस्तान की तैयारी के मुताबिक टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले लाहौर में खेलने हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### संन्यास के 7 साल बाद मैदान पर उतरा ये ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी



**मेलबर्न,29 मई 2024।** ऑस्ट्रेलिया ने टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के अभ्यास मैच में नामीबिया के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में कंगारू टीम 9 खिलाड़ियों के तौर पर मैदान पर उतरी। मैच में हैरान करने वाली बात ये है कि जब हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड,असिस्टेंट कोच ब्रैड हॉग और नेशनल सेलेक्टर जॉर्ड बेली बतौर सब्सिट्यूट मैदान पर फील्डिंग करने के लिए उतरे। 9 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरने के बाद बावजूद भी ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से नामीबिया को मात दी। मैच में नई गेंद से जोश हेजलवुड ने खतरनाक गेंदबाजी की और 5 रन देकर 2 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने मे नाकाम रहे वाले डेविड वॉर्नर ने नामीबिया के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने 20 गेंद में अर्धशतक ठोक और ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में 120 रन का टारगेट हासिल कर दिया।

### टीम इंडिया के प्लेयर्स को मिली आईसीसी टीम ऑफ द ईयर कैप



**नई दिल्ली,29 मई 2024।** 2023 के लिए टेस्ट टीम ऑफ द ईयर, वनडे टीम ऑफ द ईयर और टी20 टीम ऑफ द ईयर की घोषणा जनवरी में ही कर दी गई थी। लेकिन भारतीय खिलाड़ियों को उनकी कैप हाल ही में मिली। बुधवार को आईसीसी ने टीम ऑफ द कैप की घोषण की, जिसमें कई भारतीय खिलाड़ी कैप के साथ नजर आ रहे हैं। आर अश्विन और रविंद्र जडेजा को टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने के लिए कैप मिली, जबकि रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और मोहम्मद शमी को वनडे में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कैप मिली। जहां तक टी20 टीम की बात है तो इसमें यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव और रवि बिश्नोई शामिल हैं।

# नोवाक जोकोविच ने पहले दौर में पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को मात दी



**सर्बिया,29 मई 2024।** सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन में जीत के साथ शुरुआत करते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। उन्होंने पहले दौर में फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-4, 7-6, 6-4 से शिकस्त दी। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ''मैं काफी रोमांचित नहीं होना चाहता। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए अच्छा प्रदर्शन था। ठोस प्रदर्शन। बेशक, मैं बेहतर कर सकता था, मुझे लगता है कि रिटर्न करते हुए मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकता था लेकिन काफी अच्छी सर्विस करने के लिए उसे भी श्रेय जाता है।''जोकोविच के लिए 2024 सत्र उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है लेकिन इसके बावजूद उनकी नजरें 25 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने वाला दुनिया का पहला खिलाड़ी बनने पर टिकी हैं। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। लेकिन पेरिस आने से पहले इस साल वह किसी टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंचे हैं। इस दौरान उन्हें तीन बार सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।जोकोविच दूसरे दौर में स्पेन के 63 वें नंबर के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से भिड़ेंगे। पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाले कास्पर रूड और पूर्व ग्रैंडस्लैम चैंपियन एरिना सबालेंका और एलेना रिबाकिना भी मंगलवार को जीत दर्ज करने में सफल रहे।रोलां गैरो पर 2022 में भी उप विजेता रहे रूड ने फेलिप मेलिगेनी एल्वेस को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। दो बार की ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन सबालेंका ने एरिका आंद्रीवा को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी जबकि 2022 विंबलडन विजेता रिबाकिना ने ग्रीट मिनेन को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# विश्व चैंपियन लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा

**» वैशाली ने हंपी को हराया...**



**स्टावेंगर,29 मई 2024।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में सामान्य टाइम कंट्रोल में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ ड्रॉ के बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) टाई ब्रेकर बाजी में शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में एक बार फिर सभी तीन क्लासिकल बाजियां ड्रॉ रहीं। मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और लिरेन ने इसके बाद सफेद मोहरों से आर्मागेडोन बाजी खेलते हुए जीत दर्ज की और 1.5 अंक जुटाए। कार्लसन और हिकारू नाकामूरा तथा अलीरेजा और फाबियानो करूआना की क्लासिकल बाजी बराबरी पर छूटी। महिला वर्ग में आर वैशाली ने साथी भारतीय कोनेरू हंपी को हराकर टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल बाजी जीती। वैशाली ने भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी हंपी को पहली बार हराया। इस जीत से वैशाली लाइव रेटिंग में भारत की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी बन गईं। लेइ टिंगजी और पिया क्रेमलिंग तथा जू वेनजुन और अन्ना मुजिचुक के बीच दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं। चीन की वेनजुन और टिंगजी ने आर्मागेडोन बाजी में जीत दर्ज करते हुए डेढ़ अंक जुटाए।



# परेश रावल ने अपनी अगली फिल्म द ताज स्टोरी की घोषणा की

अभिनेता से राजनेता बने परेश रावल ने बुधवार को अपनी अगली फिल्म द ताज स्टोरी की घोषणा की। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर आगामी फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया, साथ ही कैप्शन में लिखा, अपनी आगामी फिल्म द ताज स्टोरी की घोषणा कर रहा हूँ, शूटिंग 20 जुलाई 2024 से शुरू होगी, निर्माता सीए सुरेश झा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल, क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशाम। इस प्रोजेक्ट को स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले वित्तपोषित किया गया है। फिल्मांकन 20 जुलाई से शुरू होने वाला है।अभिनेता द्वारा फिल्म की घोषणा करने के तुरंत बाद, प्रशंसकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी। एक यूजर ने लिखा, सर मुझे उम्मीद है कि यह स्मारक के बारे में वास्तविक सच्चाई को पेश करेगी और आशा है कि आप कहानी में भाई को भी शामिल करेंगे।

एक अन्य ने लिखा हाल के दिनों में, ईमानदार और सकारात्मक फिल्में देखने को मिलीं, जिसने अतीत और देश की रक्षा के लिए हमारे संघर्ष को समझने में मदद की है। मुझे उम्मीद है कि आपकी आने वाली फिल्म बिना किसी बाधा के इस विषय पर आधारित होगी.... शुभकामनाएं सर! तीसरे यूजर ने टिप्पणी की, परेश भाई, इंतजार के लायक होगी। शुभकामनाएं।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार,ताज स्टोरी एक आकर्षक कहानी होने का वादा करती है जो प्रतिष्ठित स्मारक के इतिहास और महत्व को उजागर करती है। यह फिल्म भारत के सबसे प्रिय स्थलों में से एक को श्रद्धांजलि देने के लिए भी तैयार है

### परेश रावल की अन्य परियोजनाएँ

द ताज स्टोरी के अलावा, परेश रावल वाणी कपूर अभिनीत आने वाली ड्रामा फिल्म बदतमीज गिल में नजर आएंगे, जो बरेली और लंदन में एक लड़की और उसके परिवार के बारे में है। बदतमीज गिल का निर्माण निक्की भगनानी और विक्की भगनानी, विनय अग्रवाल, अंकुर टकरानी और अक्षद चोने द्वारा किया जा रहा है। इसका निर्देशन नवजोत गुलाटी कर रहे हैं, जिन्होंने रनिंग शादी, गिन्नी वेड्स सनी लिखी है और जय मम्मी दी और जल्द ही रिलीज होने वाली पूजा मेरी जान जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। फिल्म में अपारशक्ति खुराना भी हैं।

# जीतेंद्र कुमार की सैलरी का खुलासा?



पंचायत सीज़न 3 मंगलवार, 28 मई को रिलीज़ हुआ। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो सीरीज़ के सितारे-जीतेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, सांविका और चंदन रॉय को एक और मज़ेदार सीज़न के लिए वापस आये है। जहां सीरीज को मिली-जुली समीक्षा मिल रही है, वहीं एक रिपोर्ट में शो के लिए कलाकारों की फीस का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू अमेज़न प्राइम वीडियो के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेता हैं। दावा किया जा रहा है कि नीना गुप्ता शो की दूसरी सबसे ज्यादा फीस लेने वाली स्टार हैं। अभिषेक त्रिपाठी की भूमिका के लिए जितेंद्र कुमार को प्रति एपिसोड 70,000 रुपये का भुगतान किया गया था। यह देखते हुए कि तीसरे सीज़न में आठ एपिसोड हैं, इस सीज़न के लिए जितेंद्र का अनुमानित वेतन 5,60,000 रुपये है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नीना गुप्ता सूची में दूसरे स्थान पर हैं। नए सीज़न में मंजू देवी की भूमिका को फिर से दोहराने के लिए, ऐसा कहा जाता है कि उन्हें प्रति एपिसोड 50,000 रुपये का भुगतान किया गया था। इसका मतलब है कि सीज़न के लिए 4,00,000 रुपये का अनुमान है।इस सीजन के तीसरे सबसे ज्यादा फीस लेने वाले स्टार रघुबीर यादव बताए जा रहे हैं। प्रधान जी उर्फ मंजू देवी के पति की भूमिका को दोहराते हुए, उन्हें कथित तौर पर इस सीज़न में प्रति एपिसोड 40,000 रुपये यानी 3,20,000 रुपये का भुगतान किया गया है। नए सीज़न में विकास जी का किरदार निभाने वाले चंदन रॉय ने प्रति एपिसोड 20,000 रुपये चार्ज किए। नए सीज़न की शुरुआत सीज़न 2 के समापन समारोह से होती है। अब स्थानांतरित सचिव जी (जितेंद्र कुमार द्वारा अभिनीत) अपनी कैट की तैयारी के लिए दिल्ली चले गए हैं, लेकिन मानसिक रूप से फुलेरा के बारे में सोच रहे हैं। दूसरी ओर, हम उनकी जगह लेने वाले नये पंचायत सचिव से मिलते हैं। नया सीज़न नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आता है




# आमिर खान के बेटे की पहली फिल्म महाराज 14 जून को नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

आमिर खान के बेटे जुनैद खान की पहली फिल्म 'महाराज' ओटीटी मंच 'नेटफ्लिक्स' पर 14 जून को रिलीज होगी। वाई.आर.एफ. एंटरटेनमेंट के बैनर तले आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित इस फिल्म में जयदीप अहलावत और शालिनी पांडे भी नजर आएंगे। अभिनेत्री शरवरी इसमें एक विशेष भूमिका में हैं। सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा ने महाराज का निर्देशन किया है। यह 1862 के 'महाराज परिवाद मामले' पर आधारित है।

ओटीटी मंच 'नेटफ्लिक्स' की ओर से बुधवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म की कहानी पत्रकार एवं समाज सुधारक करसंदास मुलजी से जुड़ी है। मुलजी महिला अधिकारों और सामाजिक सुधार के बड़े समर्थक थे। फिल्म 'महाराज' नेटफ्लिक्स और यशराज फिल्म्स की डिजिटल शाखा वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बीच हुई बहु-वर्षीय रचनात्मक साझेदारी का हिस्सा है।

# दीपिका पादुकोण और शाहरूख खान आईएमडीबी की 100 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय सितारों की सूची में शीर्ष पर



**सुशांत सिंह राजपूत, इरफान खान भी शामिल**

हॉलीवुड से लेकर बॉलीवुड तक,अगर उन्हें टीवी और अन्य हस्तियों के बारे में सटीक जानकारी चाहिए, तो दुनिया का सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत, आईएमडीबी निश्चित रूप से काम आता है। आईएमडीबी ने आज आईएमडीबी पर पिछले दशक के शीर्ष 100 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय सितारों की सूची जारी की है! दीपिका पादुकोण ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और इरफान खान इस शीर्ष 100 सूची में शीर्ष दस नामों में शामिल हैं। जो लोग नहीं जानते हैं, उनके लिए बता दें कि सुशांत का निधन 20 जून को हुआ था, जबकि इरफान खान ने उसी साल 29 जून को अपनी अंतिम सांस ली थी।

### आईएमडीबी पर पिछले दशक के शीर्ष 100 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय सितारे

वैश्विक अभिनेता दीपिका पादुकोण ने आईएमडीबी पर पिछले दशक के शीर्ष 100 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय सितारों में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरे नंबर पर शाहरुख खान, तीसरे पर ऐश्वर्या राय बच्चन,चौथे पर आलिया भट्ट और पांचवें पर इरफान खान हैं। उनके बाद छठे पर आमिर, सातवें पर सुशांत,आठवें पर सलमान खान, नौवें पर ऋतिक रोशन और दसवें स्थान पर अक्षय कुमार हैं। जहां कैटरीना कैफ 11 वें स्थान पर हैं, वहीं तृप्ति डिमरी 15 वें स्थान पर हैं। वहीं रणबीर कपूर का नाम 17 वें नंबर पर और रणवीर सिंह 19 वें स्थान पर हैं।आदिपुरुष अभिनेता कृति सनोन और प्रभास भी इस सूची में हैं। जहां मिनी अभिनेता 25 वें स्थान पर हैं, वहीं सालार 29 वें नंबर पर है। वरुण धवन, विक्की कौशल, सिद्धार्थ मल्होत्रा, कियारा आडवाणी, सूर्या, राम चरण, जूनियर एनटीआर, कार्तिक आर्यन, मनोज बाजपेयी और अन्य जैसे अन्य अभिनेता भी आईएमडीबी सूची में पिछले दशक के शीर्ष 100 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय सितारों में शामिल हैं।पोस्ट को शेयर करते हुए आईएमडीबी के इंस्टाग्राम कैप्शन में लिखा है, आईएमडीबी पर पिछले दशक के शीर्ष 100 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय सितारों को विश्व स्तर पर पेश करते हैं! क्या आपने अपने पसंदीदा को देखा? आईएमडीबी की सूची में पिछले दशक के शीर्ष 100 सबसे ज्यादा देखे जाने वाले भारतीय सितारे जनवरी 2014 से अप्रैल 2024 तक आईएमडीबी साप्ताहिक रैंकिंग पर आधारित हैं। ये रैंकिंग दुनिया भर में आईएमडीबी के 250 मिलियन से अधिक मासिक आगंतुकों के वास्तविक पेज व्यू द्वारा निर्धारित की जाती है।

# माशिमं ने जारी नहीं किया पूरक परीक्षा का सूचना

### » 40 हजार विद्यार्थियों का भविष्य अधर में,




**रायपुर,29मई 2024(ए)।** .बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद अब तक पूरक परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। इसके चलते 40 हजार विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है. पूरक आए विद्यार्थियों को साल खराब होने का डर सता रहा है। कक्षा दसवीं के बोर्ड परीक्षा में 19 हजार 12 विद्यार्थी पूरक आए थे। वहीं कक्षा बारहवीं में 22,232 विद्यार्थी पूरक आए थे. 9 मई को दोनों बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया गया था। माशिमं ने अब तक क्लियर नहीं किया है कि बोर्ड परीक्षा लेंगे या फिर पूरक परीक्षा लेंगे।
शिक्षा मंत्री ने बोर्ड कक्षाओं का दो बार बोर्ड परीक्षा लेने का ऐलान किया था.। विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं के डेट का ऐलान हो गया है. कॉलेज और यूनिवर्सिटी में भी प्रवेश का दौर जारी है। वहीं माशिमं ने अब तक पूरक परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की है। इसके चलते पूरक आए विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटका है।
प्रदेश में दसवीं 12 वीं बोर्ड परीक्षा का रिज़ल्ट 9 मई को जारी किया गया है लेकिन आज दिनांक तक पूरक परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल पूरक परीक्षा लें या फिर साल में दो बार बोर्ड परीक्षा इसमें उलझ गया है, क्योंकि शिक्षा मंत्री ने इसी साल से दो बोर्ड परीक्षा लेने का घोषणा किया है। ऐसे में पूरक आए प्रदेश के 40 हज़ार विद्यार्थी साल बर्बाद होने के डर में है और सवाल पूछ रहे हैं कि पूरक परीक्षा क्यों नहीं ली जा रही है।
इन दिनों दसवीं और 12 वीं में पूरक आए विद्यार्थी अपने साल बर्बाद होने की चिंता लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट को छान मरने को मजबूर हैं। पूरक परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन कब जारी हो जाए इसका इंतज़ार है। क्योंकि कॉलेज,महाविद्यालय,विश्व विद्यालय के साथ तमाम विषयों की प्रवेश परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी हो चुका है और परीक्षा का दौर जारी है। ऐसे में अपने आप को विद्यार्थी इन परीक्षाओं से वंचित समझ के चिंतित हैं, बोर्ड से पूछ रहे हैं कि अगर उनको उनका मनपसंद विषय नहीं मिलता है ? प्रवेश परीक्षा से वंचित होते हैं ? या उनका साल ख़राब होता है तो इसके लिए बोर्ड जिम्मेदार होगा ?

#### पूरक परीक्षा से तय होगा आगे का भविष्य

प्रदेश के लगभग दोनों बोर्ड परीक्षा में 40 हज़ार से ज़्यादा विद्यार्थी पूरक हैं ऐसे जब तक पूरक परीक्षा नहीं हो जाती वो बीच मझधार में फंसे हैं,ना ही दसवी वाले 11 वीं में प्रवेश ले सकते है और न ही बारहवी के विद्यार्थी किसी कॉलेज में प्रवेश ले सकते हैं।

#### क्यों जारी नहीं हो रहा नोटिफिकेशन ?

माध्यमिक शिक्षा मंडल से मिली जानकारी के मुताबिक़ नियम क़ानून विनियम में बदलाव के लिए फ़ाइल विधि विभाग भेजा गया है ताकि साल में दो बार बोर्ड की परीक्षा ली जाए. फ़ाइल भेजने के बाद मंडल की स्थिति अब ये है कि वो फ़ाइल ट्रेक करने में लगी है.

#### मंत्री ने किया था घोषणा

शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए साल में दो बार परीक्षा लेने के लिए घोषणा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया था. मंत्री ने तर्क देते हुए कहा था कि बच्चे सालभर पढ़ाई करते हैं ऐसे में भूल जाते हैं इसलिए दो बार परीक्षा लेंगे ऐसे में याद करने में दिक्क़त नहीं होगी.

#### बोर्ड कक्षा में पूरक विद्यार्थी

कक्षा दसवीं में 19,012 विद्यार्थी पूरक परीक्षा देने के लिए इंतज़ार कर रहे हैं. कक्षा बारहवीं में 22,232 विद्यार्थी विद्यार्थी पूरक है जो अपने भविष्य को लेकर परीक्षा का इंतज़ार कर रहे हैं.इस पुरे मामल में माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव पुष्पा साहू ने कहा दो बार बोर्ड परीक्षा लेने के लिए प्रक्रिया में बदलाव के लिए फ़ाइल विधि विभाग भेजी गई है. फ़िलहाल फ़ाइल शासन स्तर पर है. शासन से जैसे अप्रूवल मिलेगा उसके बाद परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा

## ईओडब्ल्यू के सरकारी गवाह को शोएब ढेबर ने धमकाया




**रायपुर,29मई 2024(ए)।** शोएब ढेबर और अज्ञात वकील ने शराब घोटाले में ईओ डब्ल्यू के सरकारी गवाह के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी है। इसके साथ ही लाखों रुपए की अवैध वसूली की गई है। जिसके बाद आरोपियो के खिलाफ धारा 294,506,341,384 एवं 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। इस पूरे मामले पर जांच के बाद अन्य धाराए भी जोड़ी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार साथ ही शोएब के खिलाफ एक और शिकायत की गई है। जिसमें किसी लड़की का पीछा कर छेड़छाड़ का आरोप लागाया गया है, जिसकी जांच भी सिविल लाइन थाना में की जा रही है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने कहा, कि सभी शिकायतों की जांच पड़ताल के बाद अपराध दर्ज किया जा चुका है। अन्य थानों में भी इनके खिलाफ कई अपराध दर्ज है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। दरअसल, राजधानी के पुरानीबस्ती थाना में अनवर ढेबर एवं उसके अन्य साथियों के खिलाफ चोरी समेत कई अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। साथ ही सिविल लाइन थाना में अनवर ढेबर, पुत्र शोएब ढेबर समेत अज्ञात वकील के खिलाफ गैर जमानती धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## बिलासपुर रेलवे जोन को मिली पहली महिला जीएम



#### नीनु इटियेरा ने संभाला महाप्रबंधक का पद

**रायपुर,29 मई2024(ए)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन को पहली बार महिला महाप्रबंधक मली है। 1988 बैच की भारतीय रेल परिचालन सेवा की अधिकारी नीनु इटियेरा ने मंगलवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

## वारदात के समय चेन स्नेचरों ने किया प्राणघातक हमला

### » महिला की हालत गंभीर

**बिलासपुर,29मई 2024(ए)।** बिलासपुर में चोर गिरोह के साथ बाइकर्स गैंग भी सक्रिय हो गया है। मंगलवार की शाम महज 15 मिनट के भीतर चेन स्नैचिंग की दो वारदात हुई, जिसमें लुटेरों ने महिला को अपना निशाना बनाया। हालांकि, लुटेरे कामयाब नहीं हुए। इस दौरान एक महिला लुटेरों से भिड़ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल है। उसे इलाज के लिए अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी बहादुरी के चलते पुलिस ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया है। लूट की वारदात का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है,जिसमें बाइक सवार दो युवक महिला के गले से सोने की चेन छीनते नजर आ रहे हैं। घटना सरकंडा थाना क्षेत्र की है। दरअसल, शहर में अपराधियों पर पुलिस का खौफ नहीं दिख रहा है, जिसके चलते गुंडागर्दी, मारपीट के साथ ही चोरी की सिलसिलेवार वारदात हो रही है। वहीं, अब भीषण गर्मी में बाइकर्स गैंग भी सक्रिय हो गया है, जो राह चलती महिलाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। ऐसे में महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।





## गद्दा गोदाम में आग लगने से जिंदा जले 2 लोग

**रायपुर,29 मई 2024(ए)।** राजधानी के गोंदवारा स्थित गद्दा गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। इस भीषण आग में 2 लोगों की जलकर मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही एक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची है। दमकल की टीम आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही।

## जमीन को लेकर परिवार में खूनी खेल

### » माता-पिता और बेटे ने मिलकर युवक को उतारा मौत के घाट...



**लोरमी,29 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व के कटामी गांव में जमीन विवाद के चलते एक ही परिवार के सदस्यों ने मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। जमीन कब्जा को लेकर परिवार में शुरु हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। जिसमें मृतक के बड़े पिता, बड़ी मां और उनके पुत्र, तीनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। वहीं इस मारपीट में परिवार के दो लोग घायल हो गए हैं।
पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक के भाई ने पिता के साथ थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि, वह डिंडोल क्षेत्र गांव में एक परिचित के विवाह समारोह में शामिल होने आया था। इसी दौरान आरोपी रवि यादव (31 वर्ष),उसके पिता गौरीशंकर यादव, उसकी मां द्रोपती यादव, तीनो ने धारदार हथियार के साथ आकर 20 वर्षीय मृतक यदुनंदन के घर के सामने पहुँचकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने युवक और पीड़ित परिवार पर दौड़ा-दौड़ा कर हमला किया और यदुनंदन का गला रेत कर मौत के घाट उतार दिया। वहीं मृतक के दो भाईयों ने भाग कर अपनी जान बचाई। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके फरार हो गए।पुलिस ने मामले की सूचना के बाद सोमवार देर रात घटना स्थल जाकर जांच की तो 20 वर्षीय यदुनंदन यादव का शव खून से लतपथ पड़ा मिला। वहीं विवाद में मृतक के 75 वर्षीय दादा अघनु यादव गम्भीर रूप से घायल अवस्था मे घर के पास पड़े थे। वहीं आरोपी महिला द्रौपती यादव (45 वर्ष) भी घायल मिली। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सिम्स रिफर कर दिया है। एसडीओपी माधुरी ने मंगलवार की सुबह टीम के साथ मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा कार्रवाई कर पीएम के लिए भेजा। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस मामले में धारा 302,34 के तहत केस दर्ज कर आरोपियों के तलाश में जुट गई है।

## खराब बोर्ड रिजल्ट पर गिर सकती है गाज

### »शिक्षा सचिव ने माशिम से मांगी ये रिपोर्ट




**रायपुर,29 मई 2024 (ए)।** शिक्षा विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण खबर है कि वे 10वीं और 12वीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा के परिणामों का विश्लेषण कर गुणवत्तायुक्त अकादमी कार्ययोजना तैयार करने जा रहा है। इसी के मद्देनजर शिक्षा सचिव ने माध्यमिक शिक्षा मंडल से रिपोर्ट मांगी है।शिक्षा सचिव कोमल परदेसी की तरफ से भेजे गये पत्र में साफ कहा है कि शिक्षा विभाग 10 वीं-12 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम का विश्लेषण कर गुणवत्तायुक्त अकादमी कार्ययोजना तैयार करने जा रहा है। लिहाजा, माशिम सचिव को पत्र भेजकर शिक्षा सचिव ने श्रेणीवार जानकारी के साथ-साथ प्रतिशत की भी जानकारी मांगी है।
इसे यह कयास लगाया जा रहा है कि इससे न केवल परिणामों का मूल्यांकन होगा, बल्कि यह भी देखा जाएगा कि कैसे परिणामों को बेहतर बनाने के उपाय अपनाए जा सकते हैं। चर्चा है कि 10वीं-12वीं बोर्ड रिजल्ट के बारे में जानकारी लेने के बाद शिक्षा विभाग की तरफ से इस संदर्भ में खराब परिणाम वाले स्कूलों पर सख्ती की जा सकती है।

## भ्रष्टाचारियों ने मछली तक को नहीं छोड़ा




**रायपुर, 29 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ सरकार की एक योजना जिस 'मछली' की हम बात कर रहे हैं, वो न तो जल में गई और न बाहर निकाली गई, बल्कि सीधे निगल ली गई है। जी हां,भ्रष्टाचारियों ने ये कारनामा उस फंड में कर दिया है,जिसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लिए भेजा गया था। किसानों के उत्थान के नाम से आई रकम से अफसर और कर्मचारियों ने अपना उत्थान कर लिया। सनसनीखेज खुलासे से अब हड़कंप मच गया है।
नक्सली मोर्चे पर लड़ाई के लिए मिलने वाले फंड के घोटाले की खबर तो आती रहती है। लेकिन अब नक्सल प्रभावित क्षेत्र में किसानों के उत्थान के लिए मिलने वाले फंड में भी घोटाला किया जा रहा है। राजनांदगांव में पिंजड़े में मछली पालन (केज कल्चर) के नाम पर करीब 5 करोड़ का घोटाला सामने आया है। इस घोटाले को पुराने राजनांदगांव जिले में अंजाम दिया गया है। सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हितग्राहियों को पता ही नहीं है कि उनके नाम से मछली पालन किया जा रहा है। मछली पालन भी ऐसा कि न तो मछली का पता और न ही तालाब में लगे केज का। केज कल्चर के नाम से अनुदान की रकम में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। सबसे बड़ी बात यह रही कि नक्सल क्षेत्र में उत्थान के लिए लगाए जाने वाले मद से मत्स्य पालन के नाम पर फंड इशु कराया गया। फंड से मत्स्य पालन न कर रकम का इस्तेमाल विभाग के अफसरों ने खुद कर लिया। इस कारनामे को अंजाम तात्कालीन सहायक संचालक और उनके स्टाफ ने दिया है। कारनामा भी बड़ी खामोशी से अंजाम दिया जा रहा था। लेकिन, सरकार की तरफ से संपत्ति के किराए के लिए कथित हितग्राही को नोटिस दिए जाने पर इस कारनामे का खुलासा हुआ। इस नोटिस के मिलने के बाद जब एक किसान ने इस बारे में जानकारी जुटाई तो हैरान करने वाले तथ्य सामने आए। किसान को बिना बताए उसके नाम से 54 लाख रुपए का भुगतान सप्लायर को कर दिया गया। इस बारे में जब किसान ने अपने कुछ परिचितों को बताया तो विभाग में सूचना का अधिकार नियम के तहत जानकारी मांगी गई। विभाग से जो जानकारी मिली वो हैरान करने वाली थी। इस तरह से कथित रूप से करीब 8 हितग्राही विभाग के स्थानीय अफसरों ने चुने और उनके नाम से करीब 5 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया। इस बारे में जब पड़ताल शुरू की तो और भी हैरान करने वाले तथ्य सामने आए। इस कारनामें की जब अलग-अलग जगहों पर शिकायत की गई तो कोई सुनवाई नहीं हुई। विधानसभा में भी प्रश्न लगाया गया, लेकिन उसे प्रश्नकाल की जगह शुन्य काल में लाया गया, जिससे इस मामले में बहस ही नहीं हो सकी। इतना ही नहीं जब इसकी पुलिस से शिकायत की गई तो पुलिस में भी पीड़ितों को कोई मदद नहीं मिली। पुलिस मदद नहीं मिलने की जब पतासाजी की गई तो मालूम चला कि जिस अफसर गीतांजलि गजभिए ने इस कारनामें को अंजाम दिया है, उनके पति नरेंद्र गजभिए सब इंस्पेक्टर हैं। वे एसपी दफ्तर में पदस्थ हैं और पीड़ितों पर ही दबाव बनवाते हैं कि शांत नहीं हुए तो उनके खिलाफ फर्जी कार्रवाई करा दी जाएगी।

## अब अनवर ढेबर और साथियों पर तोड़फोड़-चोरी की एफआईआर

### » बेटे शोएब के खिलाफ लड़की का पीछा करने..




**रायपुर, 29 मई 2024 (ए)।** कथित शराब घोटाले के मामले में ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी के बाद जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर और उनके परिवार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। बीते दो दिनों में अनवर ढेबर और उनके बेटे के खिलाफ दो एफआईआर रायपुर में दर्ज की गई है। अनवर ढेबर और उनके साथियों के खिलाफ पुरानी बस्ती थाने में तोड़फोड़ और चोरी की एफआईआर दर्ज हुई है। वहीं, अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर के खिलाफ ईओडब्ल्यू के गवाह को धमकाने और एक लड़की का पीछा करने की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है।

## टीचर देविका ने अवैध संबंधों के चलते प्रेमी संग मिलकर की थी पति की हत्या



**महासमुंद,29 मई 2024 (ए)।** कोतवाली थानाक्षेत्र के लालवानी गली स्थित लोहानी बिल्डिंग के कमरे मे दफन लाश की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है । हत्या किसी और ने नहीं बल्कि मृतक की पत्नी देविका चन्द्राकर व आशिक मुकुंद त्रिपाठी ने अवैध संबंध के चलते साथ मिलकर की थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लाश को दफनाने मे मदद करने वाली मृतक के सास की तलाश शुरू कर दी है ।

## 8 लाख का इनामी सहित 2 वर्दीधारी नक्सली ढेर



### » जवानों को मिली बड़ी सफलता,

**बीजापुर, 29 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर जिले के नक्से सल प्रभावित मद्देड़ क्षेत्र के बंद्देपारा इलाके में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।
मिली जानकारी के मुताबिक जवानों ने मुठभेड़ में आठ लाख की इनामी डिविजनल कमेटी सदस्य नक्सल कमांडर मनीला सहित दो महिला नक्सलियों को मार गिराया है। घटनास्थल से दो वर्दीधारी नक्सलियों के शव और दो हथियार बरामद किए गए हैं।

#### लोन वर्राटू अभियान से प्रभावित होकर 10 नक्सलियों ने छोड़ा लाल आतंक का साथ...

नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से जवानों को लगातार सफलता मिल रही है। इसी कड़ी में लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान से प्रभावित होकर 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)